

महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

**सुविचार**

*जिस समय हमारा मन दूसरों के लिए शुभ सोचना प्रारंभ कर देता है, शांति उसी समय से हमारे जीवन में प्रविष्ट हो जाती है...*

वर्ष : 16 अंक : 228 | उज्जैन, मंगलवार 28 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 | मूल्य-1 रुपए

# पंचमढ़ी नगर के नजूल क्षेत्र को पंचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति

### नर्मदापुरम जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रूपये की स्वीकृति

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा पंचमढ़ी नगर के साडा के नियंत्रण वाली नजूल क्षेत्र रकबा 395.931 हैक्टेयर भूमि को संशोधित कर रकबा 395.939 हैक्टेयर भूमि को पचमढ़ी अभयारण्य क्षेत्र से बाहर कर राजस्व नजूल घोषित करने की स्वीकृति दी गयी है।



मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के 9 टाइगर रिज़र्व के अंतर्गत बफर क्षेत्रों का विकास करने के लिए आगामी 5 वर्षों, वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक के लिए कुल 390 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। इस नवीन योजना अंतर्गत बफर क्षेत्रों के विकास के तहत संवेदनशील क्षेत्रों में चेनलिंक फेसिंग, वन्यप्राणी सुरक्षा, चारागाह विकास, जल स्त्रोतों का विकास, अग्नि सुरक्षा, वन्य प्राणी उपचार एवं स्वास्थ्य परीक्षण और कौशल उन्नयन जैसे कार्य किये जायेंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम में 2 सिंचाई परियोजनाओं के लिए 215 करोड़ 47 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वीकृति अनुसार तवा परियोजना (दायीं तट नहर) की बागरा शाखा नहर होज सिंचाई परियोजना की लागत 86 करोड़ 76 लाख रूपये, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 4200 हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की बाबई एवं सोहागपुर तहसील के 33 ग्रामों को सिंचाई सुविधा का लाभ होगा। नर्मदापुरम जिले की तवा परियोजना की दांयी तट नहर से पिपरिया ब्रांच केनाल होज सिंचाई परियोजना की लागत 128 करोड़ 71 लाख रूपये, प्रस्तावित सिंचाई क्षेत्र 6000 हैक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। परियोजना से नर्मदापुरम जिले की सोहागपुर तहसील के 30 ग्राम लाभान्वित होंगे।

मंत्रि-परिषद द्वारा जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग और राजस्व विभाग की वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 की अवधि के लिए 17 योजनाओं की निरंतरता के लिए 17,864 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की शुल्क की प्रतिपूर्ति, परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण, स्काउट गाइड, परिवहन, स्वास्थ्य, विभिन्न पुरस्कार आदि 15 योजनाओं के लिए 377 करोड़ 26 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। इसी तरह खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की मुख्यमंत्री कृषक फसल उपार्जन सहायता के लिए 15 हजार करोड़ रूपये और राजस्व विभाग की तहसील, जिला संभाग के कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण योजनाओं के लिए 2,487 करोड़ रूपये की स्वीकृति दी गई है।

मंत्रि-परिषद द्वारा पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराने की योजना 2022 के स्थान पर संशोधित योजना अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं के लिए विदेश में रोजगार नियोजन योजना 2025 की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृति अनुसार आगामी 3 वर्ष में 45 करोड़ रुपये व्यय किया जाकर प्रतिवर्ष पिछड़े वर्ग के 600 युवाओं को रोजगार के लिए विदेश भेजा जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जम्मू-कश्मीर में एवलांच का अलर्ट- बारिश-बर्फबारी से NH-44 पर फंसीं सैकड़ों गाड़ियां, कई उड़ानें रद्द



**उधमपुर/ जीएनएस।** उधमपुर जिले में लगातार हो रही बारिश और काजीगुंड को बनिहाल से जोड़ने वाली नवयुग सुरंग के पास भारी बर्फबारी के कारण रणनीतिक जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को दोनों तरफ से गाड़ियों के लिए बंद कर दिया गया है। ट्रैफिक बंद होने से सैकड़ों गाड़ियां कई जगहों पर फंसी हुई हैं, जिनमें से सबसे ज्याद गाड़ियां उधमपुर के जखानी चेक नाके पर फंसी हैं। अधिकारियों ने बताया कि नवयुग टनल के पास बर्फबारी और बनिहाल सेक्टर में सड़कों पर फिसलन के कारण यात्रा असुरक्षित हो गई थी, जिसके चलते ट्रैफिक अधिकारियों को दुर्घटनाओं और जाम से बचने के लिए आवाजाही रोकनी पड़ी। बर्फबारी के अलावा, उधमपुर के निचले इलाकों में लगातार बारिश ने ड्राइविंग की स्थिति को और खराब कर दिया। उधमपुर के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ट्रैफिक), पंकज सूडान ने बताया कि बनिहाल सेक्टर में खराब मौसम के कारण कश्मीर जाने वाली गाड़ियों को फिलहाल जखानी से आगे जाने से रोका जा रहा है। जम्मू और कश्मीर ट्रैफिक पुलिस जमीनी हालात को संभालने में लगी हुई है और लोगों से यात्रा की योजना टालने की सलाह दी जा रही है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे किसी भी असुविधा या जाम में फंसने से बचने के लिए अपनी यात्रा शुरू करने से पहले आधिकारिक ट्रैफिक कंट्रोल यूनिट से सड़कों की मौजूदा स्थिति की जानकारी ले लें। ट्रैफिक DTI बनिहाल एजाज मिर्जा ने बताया कि ताजा बर्फबारी और बर्फीली सड़कों के कारण इस रास्ते पर गाड़ी चलाना बेहद जोखिम भरा हो गया है। ट्रैफिक पुलिस और संबंधित विभाग मौके पर तैनात हैं। इसके अलावा, डोडा जिले के गंडोह-भलेसा इलाके में एक बार फिर भारी से मध्यम बर्फबारी की खबर है। मौसम विभाग ने 29 जनवरी तक इस क्षेत्र में और बर्फबारी का अनुमान लगाया है।स्ष्ठरू गंडोह ने ने बताया कि मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने लोगों को बर्फ के हिमस्खलन के जोखिम के कारण पहाड़ी और ऊंचे इलाकों में न जाने की चेतावनी दी है।

### यूजीसी रूल्स को लेकर बवाल पर पहली बार बोली मोदी सरकार, धर्मेंद्र प्रधान ने दिया एक भरोसा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यूजीसी रूल्स 2026 का देश भर में विरोध हो रहा है। सवर्ण बिरादरियों से जुड़े संगठन ने इन नियमों पर सख्त आपत्ति जताई है और प्रदर्शन भी हो रहे हैं। इस बीच केंद्र सरकार की पहली प्रतिक्रिया आ गई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि इन नियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा और किसी को इसका बेजा इस्तेमाल भी नहीं करने दिया जाएगा। उनका यह बयान अहम है क्योंकि इस समय यूजीसी नियमों को लेकर देश भर में डिबेट तेज चल रही है। इसके चलते भाजपा की मुश्किलें बढ़ने की बात कही जा रही है, जिसका एक मजबूत वोट बैंक सवर्ण समाज के लोग रहे हैं। मैं एक बात बहुत विनम्रता से कहना चाहता हूं कि किसी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। कोई भेदभाव नहीं होगा। यूजीसी, भारत सरकार और राज्य सरकारों की यह जिम्मेदारी होगी। यह मसला तो सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में ही है। मैं स्पष्ट कह रहा हूं कि किसी के भी साथ अत्याचार या भेदभाव नहीं होगा। इसके अलावा भेदभाव के नाम पर किसी को भी यह अधिकार नहीं होगा कि वह कानून का बेजा इस्तेमाल करे। उन्होंने कहा कि हर चीज संविधान के दायरे में होगी। बता दें कि यह मामला लगातार तूल पकड़ रहा है।

# 3 साल की जेल, 30 लाख का जुर्माना... किसानों से जुड़ा ऐसा कानून लाने जा रही सरकार, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** किसानों के भरोसे के साथ वर्षों से खिलवाड़ कर रहे नकली और घटिया बीज कारोबार पर अब निर्णायक कार्रवाई की तैयारी है। केंद्र सरकार बजट सत्र में लगभग सात दशक पुराने सीड एक्ट को बदलकर एक ऐसी आधुनिक और सख्त व्यवस्था लाने जा रही है, जिसमें गुणवत्ता, जवाबदेही और पारदर्शिता को सबसे ऊपर रखा गया है।



नए कानून के तहत बिना पंजीकरण किसी भी बीज कंपनी, उत्पादक या विक्रेता को बीज बेचने की अनुमति नहीं होगी और जानबूझकर घटिया बीज बेचने वालों को तीन वर्ष तक की जेल और 30 लाख रुपये तक जुर्माने का सामना करना पड़ेगा। फिलहाल विधायी परामर्श के लिए विधेयक को सार्वजनिक किया गया है और किसान संगठनों एवं हितधारकों से सुझाव मांगे गए हैं।

पूरी श्रृंखला को जवाबदेह बनाया जाएगा- 1966 में बना मौजूदा सीड एक्ट उस दौर का कानून था, जब न डिजिटल निगरानी की व्यवस्था थी और न ही बाजार इतना जटिल था। दोषियों पर सिर्फ पांच सौ रुपये के जुर्माने का प्रविधान था। नतीजा हुआ कि नकली बीज बेचने जैसे गंभीर अपराध पर भी कार्रवाई के नाम पर मामूली जुर्माना भरकर बच निकलने की प्रवृत्ति बनी रही। इसी कमजोरी को दूर करते हुए सरकार एक ऐसे कानून की ओर बढ़ रही है, जिसमें बीज आपूर्ति की पूरी श्रृंखला को जवाबदेह बनाया जाएगा।

नए सीड बिल की सबसे बड़ी खासियत बीजों की ट्रेसिबिलिटी व्यवस्था है। बाजार में बिकने वाले हर बीज का डिजिटल रिकॉर्ड होगा। पैकेट पर क्यूआर कोड होगा, जिसे स्कैन करते ही पता चल सकेगा कि वह कहां उत्पादित हुआ, किस इकाई में प्रसंस्कृत हुआ और किस विक्रेता के माध्यम से किसान तक पहुंचा। इस व्यवस्था के लागू होते ही नकली और खराब बीज लंबे समय तक बाजार में टिक नहीं पाएंगे और दोषी की पहचान तुरंत संभव होगी।

सख्ती के साथ संतुलन बनाए रखने की भी कोशिश- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का जोर इस बात पर है कि बीज केवल कृषि इनपुट नहीं, बल्कि किसानों की आजीविका के साथ खाद्य सुरक्षा से भी जुड़ा विषय है। इसलिए बीज कंपनियों, प्रसंस्करण इकाईयों, डीलरों और पौध नर्सरियों के पंजीकरण को अनिवार्य बनाया जा रहा है। इससे न केवल फर्जी कंपनियों पर लगाम लगेगी, बल्कि किसानों को भी भरोसा मिलेगा कि वे अधिकृत और भरोसेमंद स्त्रोत से बीज खरीद रहे हैं।

सख्ती के साथ संतुलन बनाए रखने की भी कोशिश की गई है। नया कानून किसानों की परंपरागत बीज प्रणाली में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। किसान अपने बीज बो सकेंगे। लेन-देन भी कर सकेंगे। गांवों में बीज विनिमय परंपरा भी सुरक्षित रहेगी। कार्रवाई सिर्फ उन्हीं पर होगी, जो नकली और घटिया बीज का कारोबार करेंगे। प्रस्तावित विधेयक में जुर्माने और सजा को प्रभावी बनाकर संदेश दिया गया है कि किसान को नुकसान पहुंचाना अब कम जोखिम वाला अपराध नहीं रहेगा।

### नजफगढ़ ड्रेन से निकाली 8.99 लाख टन गाद, 21 बड़े नालों की सफाई का लक्ष्य



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** यमुना नदी के प्रदूषण का बड़ा कारण नजफगढ़ ड्रेन सहित उसमें गिरने वाले अन्य नाले हैं। लंबे समय से सफाई नहीं होने के कारण इन नालों में भारी मात्रा में गाद जमा हो गई है, जो यमुना नदी में पहुंचकर प्रदूषण बढ़ा रही है।

पिछले वर्ष इन नालों की सफाई का कार्य शुरू हुआ था और इस वर्ष मानसून से पहले 22 में से 21 नालों को गाद मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

वहीं, नजफगढ़ ड्रेन का आकार बड़ा होने के कारण इसकी सफाई में अधिक समय लगने की बात कही जा रही है। यमुना नदी में लगभग 70 प्रतिशत प्रदूषण नजफगढ़ ड्रेन से आता है।

दिल्ली सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लगभग 30 वर्षों बाद पिछले वर्ष नजफगढ़ ड्रेन से गाद निकालने का कार्य शुरू कर अब तक 8.99 लाख टन गाद निकाली जा चुकी है। इस वर्ष 15.26 लाख टन गाद निकालने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से भी सहयोग लेने का प्रस्ताव है। दिल्ली में अब तक नालों से गाद निकालने के लिए अत्याधुनिक मशीनें उपलब्ध नहीं थीं। सरकार ने इस समस्या के समाधान के लिए 32 अत्याधुनिक मशीनें खरीदने का निर्णय लिया है।

### एसिड अटैक की घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, राज्य सरकारों से मांग लिया पीड़िताओं का ब्यौरा



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** देश में एसिड अटैक की घटनाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए इस तरह की घटनाओं का वर्ष वार ब्योरा मांगा है। तेजाब हमले की घटनाओं पर न्यायालय ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों से उन मामलों की संख्या बताने को कहा जिनमें आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं। इसके अलावा यह जानकारी भी मांगी है कि कितने मामलों में फैसला हो चुका है और कितने लंबित हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से कहा है कि इसका पूरा विवरण दिया जाए कि एसिड अटैक से जुडडी कितनी अपील दायर की गई हैं। पीड़ियों के ब्यौरे में शैक्षणिक योग्यता, वैवाहिक स्थिति, उपचार, पुनर्वास और मुआवजे की भी पूरी जानकारी मांगी गई है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों की भी लिस्ट दी जाए जिसमें किसी पीड़िता को जबरन एसिड पिला दिया गया हो।

### शशि थरूर एक बार फिर कांग्रेस की बैठक में नहीं हुए शामिल, पार्टी से बढ़ती दूरियां या कुछ और...



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर जिनका पार्टी के साथ रिश्ता अब ऐसे मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है जहां से वापसी मुश्किल है। थरूर मंगलवार दोपहर पार्टी की मीटिंग में एक बार फिर शामिल हुए। यह मीटिंग पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दिल्ली वाले घर पर अगले हफ्ते होने वाले संसद सत्र की तैयारी के लिए थी, जिसमें केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा और बीजेपी से G-RAM-G रोजगार गारंटी योजना पर सवाल पूछे जाएंगे।

दिल्ली में हुई इस बैठ में पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मौजूद थे। साथ ही पी चिदंबरम, जयराम रमेश, प्रमोद तिवारी और मनीष तिवारी जैसे वरिष्ठ नेता भी थे।

कांग्रेस की बैठक में शामिल नहीं हुए थरूर- शशि थरूर विदेश में हैं, और दुबई में लिटरेटर फेस्टिवल में हिस्सा लेने के बाद आज रात को लौटेंगे। सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने पार्टी को अपनी गैर-मौजूदगी के बारे में बता दिया था। यह पिछले चार महीने में दूसरी बार है जब थरूर ने पार्टी की टॉप लेवल मीटिंग छोड़ी है।

### देश में 150 सीट तक के कमर्शियल विमान बनाएगा अदाणी समूह, एम्ब्रेयर के साथ हुआ समझौता




**नई दिल्ली/ जीएनएस।** दाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख विमान निर्माता कंपनी एम्ब्रेयर ने एक रणनीतिक सहयोग की मंगलवार को घोषणा की। इसका मकसद भारत में एक क्षेत्रीय विमान मैन्युफैक्चरिंग सुविधा स्थापित करना है।

एम्ब्रेयर 150 सीट तक के कमर्शियल विमान बनाती है। इस समझौते के तहत कितना निवेश किया जाएगा और प्रस्तावित मैन्युफैक्चरिंग संयंत्र कहां स्थापित किया जाएगा, इस बारे में कुछ नहीं बताया गया है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। यह साझेदारी छोटे व मझोले शहरों के लिए हवाई संपर्क को बेहतर बनाने में मदद करेगी।

अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और एम्ब्रेयर के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में भारत में क्षेत्रीय परिवहन विमानों पर रणनीतिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियां देश में क्षेत्रीय परिवहन विमानों के लिए एक फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) भी स्थापित करेंगी।

नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि यह सहयोग केवल क्षेत्रीय विमानों के संयोजन तक ही सीमित नहीं है। इसमें प्रगतिशील प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास, सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला और भारत को क्षेत्रीय विमानों का एक विश्वसनीय विनिर्माण केंद्र बनाना भी शामिल है।

# चीन का दबदबा होगा खत्म, अमेरिका की दादागिरी पर लगेगी लगाम... India-EU ट्रेड डील से कैसे पलट जाएगा गेम?



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** वैश्विक व्यवस्था में बढ़ती दरार, यूक्रेन से लेकर इंडो-पैसिफिक तक फैले भू-राजनीतिक तनावों और ट्रंप प्रशासन की तरफ से टैरिफ युद्ध शुरू किए जाने के बीच भारत और यूरोपीय संघ ने अपने रिश्तों को अभूतपूर्व मजबूती देते हुए एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप दे दिया है, जिसे दोनों पक्षों ने मदर ऑफ ऑल डील्स करार दिया है।

मंगलवार को संपन्न भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व उर्सुला वॉन डर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा ने व्यापार और रक्षा को सहयोग के नए स्तंभ के रूप में स्थापित करते हुए न केवल एफटीए पर वार्ता के समापन की घोषणा की, बल्कि पहली बार रक्षा एवं सुरक्षा साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए। कुल 13 करारों पर सहमति बनी

इसके साथ ही भारतीय प्रतिभाओं की यूरोप में आवाजाही से जुड़े समझौते समेत कुल 13 करारों पर सहमति बनी और नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के साझा दृष्टिकोण के तहत वर्ष 2030 तक के लिए संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडे को मंजूरी दी गई। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद स्थापित वैश्विक व्यवस्था में हो रहे तेज बिखराव के दौर में भारत-ईयू की इस साझेदारी को विश्व में स्थिरता और भरोसा जगाने वाला माना जा रहा है।

इस शिखर सम्मेलन के मंच का इस्तेमाल करते हुए पीएम मोदी और यूरोपीय संघ ने ना सिर्फ अपने दीर्घकालिक हितों की रक्षा करने की तरफ कदम बढ़ाया है बल्कि वैश्विक स्तर पर संदेश भी दिया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत ने अपने इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है। यह ऐतिहासिक समझौता हमारे किसानों, हमारे छोटे उद्योगों की यूरोपियन बाजार तक पहुंच आसान बनाएगा, मैन्युफैक्चरिंग में नए अवसर पैदा करेगा और वैश्विक स्तर पर सप्लाई चेन को मजबूत करेगा। यह सिर्फ ट्रेड एग्रीमेंट नहीं है। यह साझा समृद्धि का नया ब्लूप्रिंट है।

भारत-ईयू संबंधों में एक ऐतिहासिक मोड़- उन्होंने कहा कि, आज वैश्विक व्यवस्था में बड़ी उथल-पुथल है। ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ की साझेदारी अंतरराष्ट्रीय प्रणाली में स्थिरता को मजबूती देगी। ईयू की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डर लेयेन ने इस सम्मेलन को भारत-ईयू संबंधों में एक ऐतिहासिक मोड़ करार दिया और कहा, हम सिर्फ अपनी अर्थव्यवस्थाओं को ही मजबूत नहीं कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसे समय में अपने नागरिकों की सुरक्षा भी सुनिश्चित कर रहे हैं, जब दुनिया पहले से कहीं अधिक असुरक्षित होती जा रही है।



# खजराना गणेश मंदिर द्वारा निकाली गई आकर्षक झाँकी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में श्री गणपति मंदिर खजराना प्रबंध समिति द्वारा आकर्षक झाँकी निकाली गई। इस झाँकी के माध्यम से

मंदिर द्वारा संचालित सेवा प्रकल्पों, आध्यात्मिक और धार्मिक गतिविधियों की जानकारी का आकर्षक रूप से प्रदर्शन किया गया। यह झाँकी कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में निकाली गई।



श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मानव सेवा-ही-ध्येय के संकल्प पर आधारित तथा समस्त सेवा प्रकल्पों को प्रदर्शित करते हुए मोर रथ पर सवार भगवान श्री गणेश जी की नयनाभिराम झांकी नेहरू स्टेडियम परेड स्थल पर उपस्थित हजारों दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। झांकी के माध्यम से प्रबंध समिति द्वारा विगत वर्षों से संचालित निःशुल्क अन्न क्षेत्र का संचालन एवं अन्नक्षेत्र में संचालन दिनांक से वर्तमान तक 2 करोड़ से अधिक भक्तों द्वारा भोजन प्रसाद प्राप्त किए जाने की जानकारी के साथ भक्तो के विशेष अवसरो पर भोजन प्रसादी आयोजित किए जाने की जानकारी, थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को निःशुल्क मेडिसिन वितरण, नाममात्र के सेवा शुल्क पर संचालित किडनी डायलिसिस, पंचकर्म फिजियोथैरेपी सेंटर,पैथोलॉजिकल जांच प्रयोगशाला, मेडिकल कॉलेज इन्दौर से संबद्ध चिकित्सालयों जिसमें एमवाय चिकित्सालय, कैंसर चिकित्सालय, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय, मानसिक चिकित्सालय व एम.आर.टी.बी. चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को पौष्टिक भोजन स्वल्पाहर, दूध, फल इत्यादि उपलब्ध कराये जाने आदि की जानकारी को प्रदर्शित किया गया।

इस वर्ष निर्णायक मंच द्वारा श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति की मोर रथ पर सवार भगवान श्री गणेश जी की झांकी को द्वितीय पुरस्कार दिया गया।

झांकी संचालन महाप्रबंधक श्री राकेश शर्मा, मैनेजर-द्वय श्री घनश्याम शुक्ला, श्री गौरी शंकर मिश्रा, श्री राजेश वर्मा, आकाश राठौर, दीपक सेंधव, ब्रह्मा ओम दूबे, श्रीमती अलका हजारी, कुमारी अदिति गौतम द्वारा किया गया।

# गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का किया गया आयोजन

## कार्यक्रम में देशभक्ति गायन हुआ तथा मालवी लोकनृत्य की कलाकारों द्वारा दी गई रंगारंग प्रस्तुति

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर गोपाल मंदिर गीता भवन (ऑडिटोरियम) में लोकतंत्र का लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन किया गया। स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग के इस आयोजन में कलाकारों द्वारा देशभक्ति गायन तथा मालवी लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी गयी।



कार्यक्रम में डॉ. वाणी साठे द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गयी। डॉ. साठे द्वारा भारतीय जय विजय करें, अनोखा देश है मेरा तथा मेरा देश - मेरा देश देशभक्ति गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में दूसरी प्रस्तुति मालव प्रेम नाट्य कला केंद्र उज्जैन के अनिकेत सेन एवं उनके दल द्वारा मालवी लोकनृत्य की प्रस्तुति दी गयी। श्री सेन एवं उनके दल द्वारा गणेश वंदना से अपनी प्रस्तुति प्रारम्भ कर कान्हा वालिया, तेजाजी की जत्रा तथा मटकी मालवी लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी। कार्यक्रम में सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्पमित्र भार्गव, विधायक श्री राकेश गोलू शुक्ला, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अंत में सभी कलाकारों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जनसंपर्क विभाग द्वारा मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।

## जनसुनवाई में पुलिस कमिश्नर ने सुनी आमजन की व्यथा, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाने वाली जनसुनवाई के तहत आज 27 जनवरी 2026 को पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में जनसुनवाई आयोजित की। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने स्वयं आमजन की शिकायतें सुनीं और उनके शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 57 शिकायत आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी मतभेद, पैसों के लेन-देन से जुड़े मामले, फाइनेंशियल फ्रॉड, थानों में सुनवाई न होने की शिकायतें, प्लॉट एवं जमीन से संबंधित धोखाधड़ी, महिला अपराधों से जुड़े प्रकरण तथा अन्य पुलिस संबंधित समस्याएं शामिल रहीं।

# हाईकोर्ट परिसर में हुआ ध्वजारोहण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खण्डपीठ में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर खण्डपीठ के न्यायमूर्तिगण, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अभिभाषकगण तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर खण्डपीठ के प्रशासनिक न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला ने राष्ट्रध्वज फहराया। राष्ट्रगान के साथ समारोह का विधिवत शुभारंभ हुआ।

समारोह के दौरान भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को सजीव रूप में प्रस्तुत करते हुए परंपरागत आदिवासी नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दी गईं। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भारत की विविधता में एकता की भावना को दर्शाते हुए समारोह को विशेष आकर्षण प्रदान किया तथा उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनकर किया गया निराकरण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय में प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी आज जनसुनवाई सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में नागरिकों की समस्याएं सुनकर उनका निराकरण किया गया। जिन आवेदनों का निराकरण नहीं हुआ, उनके निराकरण के लिए समय-सीमा तय की गई। कलेक्टर कार्यालय में आज मुख्य रूप से अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया।



जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, निजी भूमि पर अतिक्रमण, मकान पर किराएदारों का कब्जा, दिव्यांगजन को साइकिल की सहायता आदि से संबंधित आवेदन आए। आवेदकों की सुनवाई अधिकारियों द्वारा की गई। साथ ही जनसुनवाई में आये पारिवारिक विवादों को सुलझाने के लिए उन्हें मध्यस्थता का केंद्र में प्रेषित किया गया है ताकि आपसी सुलह, समझौते से पारिवारिक विवाद आसानी से सुलझ जाए। कुछ ऐसे आवेदक आए जिन्हें इलाज के लिए आर्थिक सहायता चाहिए थी, उन्हें रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। जनसुनवाई में आज कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी बड़ी संख्या में आवेदकों की समस्याओं को सुना गया और उनका निराकरण किया गया।

# युवाओं को नौकरी देने के लिए रोजगार मेला (युवा संगम) का आयोजन 2 फरवरी को

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इन्दौर जिले में जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा आगामी 02 फरवरी को रोजगार मेला (युवा संगम कार्यक्रम) का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय महाविद्यालय गुरुकुल परिसर रंगवासा रोड राऊ में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक सम्?पन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य एक ही छत के नीचे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर उपलब्ध कराना है।

जिला रोजगार कार्यालय के उपसंचालक श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि उक्त रोजगार मेले में आवेदकों को कॅरियर बनाने का सुनहरे अवसर के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारम्भ करने के लिये लोन की प्रक्रिया संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। साथ ही रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- तिस्वा टेक्नोलॉजिज, आईसेक्ट, एसके फाईनेंस, फार्मा ग्रोथ, जस्ट डायल, ओशियन मोटर्स, मोजाईक प्रायवेट लिमिटेड, इंस?टा कनेक्ट्स, थर्ड आई सिक्यूरिटी, मेडप्लस, एसके-1 रिसोर्सेस आदि के 500 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रारम्भिक रूप से चयन के ?लिए शामिल होगी। ये कम्पनियां डिजिटल मार्केटिंग, साईट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर, रिसेपनिस्ट, एच.आर., बैक ऑफिस, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फार्मासिष्ट, सैल्स, बीपीओ, पैकेजिंग, हेल्पर, टेक्नीशियन जैसे- फिटर/टर्नर/मशीनिष्ट, वैल्डर आदि के विभिन्न पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगी।

उक्त रोजगार मेले में 18 से 40 वर्ष के युवा शामिल हो सकते है। जिनकी शैक्षणिक योग्यता पाँचवीं/आठवीं/हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर बीई/बीटेक (सिविल/ मेकेनिकल/ इलेक्ट्रीकल) विषय में पास एवं तकनीकी योग्यता जैसे- आईटीआई/डिप्लोमा होना चाहिए। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले युवा अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों एवं बायोडेटा की प्रतियां भी आवश्यक रूप से साथ लाना अनिवार्य है।

# संभागायुक्त कार्यालय में डॉ. सुदाम खाड़े ने किया ध्वजारोहण




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

# कलेक्टर कार्यालय में शिवम वर्मा ने किया ध्वजारोहण




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# गणतंत्र दिवस पर लखपति दीदी थीम पर जिलों में हुआ झांकी प्रदर्शन

## अधिकांश जिलों में आजीविका मिशन की झांकियों को मिले पुरस्कार




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 26 जनवरी 2026 को पहली बार लखपति दीदी थीम पर मिशन अंतर्गत विभिन्न जिलों में झांकी प्रदर्शित की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित समारोहों में प्रदर्शित की गई इन झांकियों में अधिकांश जिलों को पुरस्कार मिले हैं।

उज्जैन जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तराना विकास खण्ड के डबलाहरदू ग्राम की ड्रोन दीदी श्रीमती रूपाली मोदी को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए मंच से सम्मानित किया।

इसी क्रम में जिलों द्वारा झांकी प्रदर्शन किया गया- 38 जिलों द्वारा इसी विषय पर झांकी निकाली गई। इसमें से 10 जिलों ने प्रथम स्थान, 7 जिलों ने द्वितीय एवं 7 जिलों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने बाले जिलों में खरगोन, सिंगरोली, पन्ना, ग्वालियर, कटनी, नीमच, सतना, मैहर, शहडोल एवं बालाघाट शामिल हैं। द्वितीय पुरस्कार रायसेन, उज्जैन, मुरैना, लीराजपुर, झाबुआ, देवास एवं रतलाम जिले ने हासिल किया है। तृतीय पुरस्कार सीहोर, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, छतरपुर, इंदौर एवं हरदा जिले ने प्राप्त किया है। उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन श्रीमती हर्षिका सिंह ने जिलों में प्रदर्शित होने बाली झांकियों में मिशन अंतर्गत लखपति दीदी थीम को शामिल करते हुए झांकी प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया था।

# गणतंत्र दिवस पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने शासकीय विद्यालय मुसाखेड़ी में आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में बच्चों के साथ भोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश और प्रदेश का भविष्य इन्हीं बच्चों के हाथों में है। कार्यक्रम में महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, विधायक श्री महेंद्र हार्डिया, महापौर परिषद के सदस्य श्री नंदकिशोर पहाड़िया सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण मौजूद थे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बच्चों को स्कूली बैग सहित अन्य पाठ्यसामग्री भी वितरित की।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री देवड़ा ने कहा कि 26 जनवरी के अवसर पर पूरे प्रदेश में बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन करने का कार्यक्रम अत्यंत प्रेरणादायक है। इससे बच्चों में समानता, सहयोग और आत्मीयता की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। इस दौरान विद्यालय की भूमि से संबंधित एक समस्या पर संज्ञान लेते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि भोपाल जाकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि बच्चों को इसका पूरा लाभ मिल सके। अपने संबोधन में श्री देवड़ा ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने माता-पिता, शहर, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## हेलमेट पहनें- सुरक्षित रहें अभियान के तहत इंदौर पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सड़क सुरक्षा को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा ÷हेलमेट पहनेंङ्कसुरक्षित रहें÷ अभियान के अंतर्गत शहर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर.के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात/जोन-4) श्री आनंद कलादगी के मार्गदर्शन में लगातार सड़क सुरक्षा से जुड़े अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 27 जनवरी 2026 को शहर के पलासिया चौराहे पर इंदौर ट्रैफिक पुलिस द्वारा वृहद हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह स्वयं मौके पर उपस्थित रहे और उन्होंने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा का महत्व समझाते हुए हमेशा हेलमेट पहनने एवं यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान ऐसे दोपहिया वाहन चालकों, जिनके पास वैध दस्तावेज थे लेकिन हेलमेट नहीं पहने हुए थे, उनके पहले नियमानुसार चालान किए गए और इसके बाद सुरक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें हेलमेट भी वितरित किए गए। वहीं दूसरी ओर, जो वाहन चालक स्वेच्छा से हेलमेट पहनकर नियमों का पालन करते हुए पाए गए, उनकी पुलिस अधिकारियों द्वारा सराहना की गई और उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार प्रदान किए गए। सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को और अधिक संवेदनशील बनाने के लिए यातायात विभाग की डिजिटल स्क्रीन पर सड़क दुर्घटनाओं एवं सुरक्षा से जुड़े वीडियो भी दिखाए गए, ताकि वाहन चालक हादसों की गंभीरता को समझें और भविष्य में नियमों के प्रति लापरवाही न बरतें। पुलिस आयुक्त श्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इंदौर शहर में सुरक्षित और सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा निरंतर नए-नए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन अभियानों का मुख्य उद्देश्य यही है कि वाहन चालक स्वयं नियमों की गंभीरता को समझें और स्वेच्छा से उनका पालन करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे आगे आकर न केवल खुद नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान कई वाहन चालकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी ने पूर्व दुर्घटनाओं से सबक लिया है तो कोई पुलिस के इस सकारात्मक अभियान से प्रेरित होकर हेलमेट को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहा है। वाहन चालकों ने पुलिस के समक्ष संकल्प लिया कि वे न केवल यातायात नियमों का पालन करेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

# इंदौर जिले में खुशनुमा वातावरण में देशभक्ति के अपार उत्साह, उमंग और जोश-जुनून के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## जिले के मुख्य समारोह में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया ध्वजारोहण

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने आज इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड की सलामी भी ली। इंदौर जिले में आज खुशनुमा वातावरण में देशभक्ति के अपार उत्साह और उमंग के साथ जोश और जुनून के वातावरण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा नयनाभिराम झांकियां भी निकाली गयी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के गणतंत्र दिवस के संदेश का वाचन भी किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



अभूतपूर्व उत्साह के बीच 16 प्लाटूनों ने प्रस्तुत की आकर्षक परेड- गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अभूतपूर्व उत्साह का माहौल था। समारोह में 16 प्लाटूनों ने गर्मजोशी से आकर्षक परेड प्रस्तुत की। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने ध्वजारोहण के पश्चात खुली जीप से परेड का निरीक्षण किया। परेड के पश्चात उन्होंने परेड कमाण्डरों से परिचय भी प्राप्त किया। इस दौरान पुलिस आयुक्त श्री संतोष सिंह तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा उनके साथ थे। परेड के दौरान सशस्त्र दलों द्वारा हर्ष फायर किये गये। समारोह में 16 दलों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। समारोह में परेड का नेतृत्व परेड कमांडर सहायक पुलिस आयुक्त श्री कुन्दन मण्डलोई ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सुबेदार श्री राजू सांवले ने किया। इस अवसर पर आरएपीटीसी, फर्स्ट बटालियन, पंद्रहवी वाहिनी, जिला पुलिस बल (पुरुष), जिला पुलिस बल (महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी एयरविंग, एनसीसी आर्म्ड, स्काउट, गाइड, स्टूडेंट पुलिस कैडेट, शौर्य दल तथा सृजन दल द्वारा आकर्षक परेड प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर प्रथम वाहिनी के बैंड ने देशभक्ति की धून से पूरे वातावरण को जोश और जुनून से ओतप्रोत कर दिया।

जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित निकाली गई नयनाभिराम झाँकियाँ- समारोह के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा राज्य शासन की योजनाओं, कार्यक्रमों पर आधारित नयनाभिराम झाँकियाँ निकाली गई। इनमें मुख्य रूप से खजराना गणेश मंदिर द्वारा संचालित आध्यात्मिक तथा धार्मिक और अन्य क्षेत्र संबंधी गतिविधियों पर आधारित झांकी, नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और वेस्ट मटेरियल के आर्ट्स संबंधी, यातायात पुलिस द्वारा यातायात सुधार, शिक्षा विभाग द्वारा बुनियादी शिक्षा, कृषि विभाग द्वारा कृषि वर्ष, उद्यानिकी विभाग द्वारा उद्यानिकी को बढ़ावा देने, जिला पंचायत द्वारा लखपति दीदी और आत्मनिर्भर भारत, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा, मेट्रो द्वारा ग्रीन मेट्रो परियोजना, उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप पॉलिसी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भिक्षावृत्ति मुक्त इंदौर, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा आदि कर्मयोगी अभियान, वन विभाग द्वारा वनों का संरक्षण, इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा शहर के विकास, एमपीआईडीसी द्वारा औद्योगिक विकास और केन्द्रीय जेल द्वारा जेल में चलायी जा रही रोजगारमूलक गतिविधियों पर आधारित झाँकी शामिल थी।

रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुयी प्रस्तुतियां- समारोह के दौरान इंदौर के दिल्ली पब्लिक स्कूल राऊ, शारदा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सन्मति विद्यालय और बाल विनय मंदिर के बच्चों ने देशभक्ति और लोक गीतों पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी।

समारोह के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान भी किया गया। इन सभी स्कूलों को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार- समारोह के दौरान उत्कृष्ट परेड प्रस्तुत करने पर प्लाटूनों को पुरस्कृत किया गया। अ वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्रथम वाहिनी तथा द्वितीय पुरस्कार आरएपीटीसी को दिया गया।

ब- वर्ग में प्रथम पुरस्कार एनसीसी एयरविंग और द्वितीय पुरस्कार यातायात पुलिस को प्राप्त हुआ।

स- वर्ग का प्रथम पुरस्कार प्रथम वाहिनी के बैंड को मिला।

# प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने नीमच में गणतंत्र दिवस समारोह में भव्य परेड की सलामी ली



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश एंव प्रदेश के साथ-साथ सम्पूर्ण नीमच जिले में भी 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस पूरी गरिमा, परम्परागत हर्षोउल्लास एंव राष्टभक्ति की भावना के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर जिले के विभिन्न शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयों संस्थाओं तथा विद्यालयों में झंडा वंदन के कार्यक्रम आयोजित कर तिरंगा फहराया गया। जिला मुख्यालय नीमच पर गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने झंडा वंदन कर मार्च पास्ट परेड की सलामी ली और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया। शा.बा.उ.मा.वि.क्र. 2 नीमच में आयोजित समारोह में प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने कलेक्टर श्री चंद्रा एवं एस.पी.श्री अंकित जायसवाल के साथ खुली सफेद जीप्सी पर सवार होकर आयोजित भव्य परेड का निरीक्षण किया। आकाश में शाति के प्रतिक रंग बिरंगे गुब्बारे भी छोडे गये।

समारोह में म.प.पुलिस बैण्ड की मधुर धुन के साथ तीन हर्ष फायर किए गये तथा परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक श्री विक्रमसिह भदोरिया सेकण्ड परेड कमाण्डर सुबेदार श्री सुरेश सिसोदिया के नेतृत्व में मार्चपास्ट परेड ने सलामी दी। इस आकर्षक भव्यपरेड में सबसे आगे निरीक्षक श्री बालाराम सोनार्थी के नेतृत्व में एसएएफ की प्लाटून एवं उप निरीक्षक श्री असलम पठान के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की प्लाटून चल रही थी। उसके बाद क्रमशः उपनिरीक्षक श्री सपना राठौर के नेतृत्व में जिला पुलिस बल की टुकडी, उप निरीक्षक श्री जोगेन्द्र नाथ योगी के नेतृत्व में नगर सेना की टुकड़ी, वन रक्षक श्री कोमल सिंह चंद्रावत के नेतृत्य वन विभाग की प्लाटून एवं श्री युवराज सिंह के नेतृत्व में एनसीसी सीनीयर के प्लाटून ने भव्य परेड प्रस्तुत की। परेड के दूसरे समूह में सुश्री विकी यादव के नेतृत्व में प्लाटून गाईड दल, जुनियर सी.एम. राईज स्कूल, श्री वैभव शर्मा के नेतृत्व में उत्कृष्ट स्कूल के स्काउड दल, सुश्री तरुणा यादव के नेतृत्व में शा.क.उ.मा.वि. नीमच सिटी के रेडक्रास दल, श्री हर्ष यादव के नेतृत्व में शा.बा.मा.वि. नीमच के 2 के रेडक्रास दल, सुश्री महक राजपूत के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग के शौर्यादल एवं प्रधान आरक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल नीमच के वैण्ड की प्लाटून ने परेड में भाग लिया। अधिकारी कर्मचारियों, पुलिस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 88 अधिकारी कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरुस्कृत किया। विभिन्न 14 विभागों द्वारा आकर्षक झांकियां निकाली गई।

मार्चपास्ट परेड के लिए नगर सेना के प्लाटून को प्रथम, एस.ए.एफ. की प्लाटून को व्दितीय एवं म.प्र.जिला पुलिस की प्लाटून को तृतीय पुरुस्कार प्रदान किया गया। मार्च पास्ट परेड में स्काउट के व्दितीय समूह में रेडक्रास दल शा.क.उ.मा.वि.नीमच नगर को प्रथम सी.एम.राईज स्कूल नीमच के गाईड दल को व्दितीय एवं शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि. नीमच स्काउट दल की प्लाटून को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

समारोह में 5 विभिन्न विद्यालयों व्दारा देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें रेमंत मूकबधिर विद्यालय, द पिनेकल ग्लोबल स्कूल, शा. बा.उ.मा.वि.क्र.2 नीमच, क्रिएटीव माईण्ड स्कूल नीमच एवं शा. उत्कृष्ट स्कूल नीमच के पत्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगा-रग देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसे उपस्थितजनों से सराहा।

उत्कृष्ट स्कूल की प्रस्तुति में प्रथम, शा.उ.मा.वि.क्र.2 नीमच की प्रस्तुति को व्दितीय एवं क्रिएटिव माईड स्कूल की प्रस्तुति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। झांकियों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की झांकी को प्रथम, पशुपालन विभाग की ग्रामीण भारत की झलक झांकी को व्दितीय एवं महिला एवं बाल विकास की महिला सशक्तिकरण पर आधारित झांकी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोकतंत्र रक्षकों और भूतपूर्व सैनिकों को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश पाटीदार एवं सुश्री मंजुला धीर ने किया।

प्रारंभ में प्रभारी मंत्री सुश्री भूरिया ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर, पुष्पांजली दी। समारोह में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, विधायक नीमच श्री दिलीपसिंह परिहार, विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध मारु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वदना खंडेलवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा बाई धनगर, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल, डीएफओ श्री एस.के.अटोदे, अपर कलेक्टर श्री बी. एस. कलेश, ए.एस.पी. श्री नवलसिह सिसौदिया, पत्रकार, एंव गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं आम नागरिकगण उपस्थित थे।

## सिंगोली भाजपा कार्यालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस, मंडल अध्यक्ष श्री मेघवंशी ने फहराया तिरंगा और एकता का दिया संदेश



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिंगोली के विवेकानन्द बाजार स्थित भाजपा कार्यालय परिसर में तिरंगा फहराया गया. भाजपा मंडल अध्यक्ष राधेश्याम मेघवंशी ने तिरंगा फहराया.

इस दौरान राष्ट्रीय गीत जन गण मन का गायन किया गया. कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

एकता और राष्ट्रीय गौरव का संदेश - ध्वजारोहण के बाद उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री मेघवंशी ने कहा कि भारत में अलग-अलग धर्म और समाज के त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन गणतंत्र दिवस एक ऐसा राष्ट्रीय पर्व है जो पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधता है. उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर हमारे आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को फहराकर गणतंत्र दिवस मनाया है, जो हम सभी के लिए गर्व का क्षण है।

77वें गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं - कार्यक्रम के बाद भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मेघवंशी ने कहा कि आज पूरा देश 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और सम्मान के साथ मना रहा है. सिंगोली जावद समेत देशभर के नागरिकों को इस पावन राष्ट्रीय पर्व और संविधान दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

## श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ खिलचीपुरा पर ध्वजा 30 जनवरी को चढ़ाई जाएगी

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के प्रसिद्ध जैन तीर्थ श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ खिलचीपुरा, मन्दसौर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मंदिर ध्वजा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजनकर्ता संदीप धींग ने बताया कि अति प्राचीन परम तारक परम प्रभावक तीर्थ क्षेत्र पारसधाम, खिलचीपुरा में बिराजित श्री विघ्नहर पार्श्वनाथ परमात्मा के जिनालय पर ध्वजारोहण का शुभ अवसर आया है। तप सम्राट स्व. आचार्य श्री नवरत्न सागर सुरीश्वरजी म. सा. , आचार्य श्री विश्वरत्न सागरजी म.सा. की प्रेरणा एवं आशीर्वाद एवं युगप्रधान आचार्यसम श्री चंद्रशेखर विजय जी मसा साहेब के शिष्य रत्न आचार्य जिनसुंदरसूरीश्वर जी मसा के शिष्य प. पू. पन्यास योगरूचि मा. सा. जी आदि ठाना 3 की पावन निश्रा में मंदिर पर नवीन ध्वजा चढ़ाई जायेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत 30 जनवरी, शुक्रवार को प्रातः 9 बजे सतर भेदी पूजन होगी जिसके बाद मंदिर के वार्षिक चढ़ावे बोले जायेंगे। ध्वजारोहण का कार्यक्रत प्रातः 11.00 बजे संपन्न होगा।

## शहर में बिक रहे पानी के कैंपर एवं पैकिंग वॉटर की गुणवत्ता की जाँच की जाए-ग्राहक पंचायत



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बिक रहे पानी के कैंपर (वॉटर कैन) एवं पैकिंग वॉटर (बोतलबंद पानी) की गुणवत्ता को लेकर गंभीर चिंताएं सामने आ रही हैं। आम नागरिकों द्वारा बड़ी मात्रा में उपयोग किए जा रहे इन पेयजल स्त्रोतों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप न होने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, मंदसौर इकाई ने बताया कि कई स्थानों पर बिना लाइसेंस, बिना बीआईएस, आईएसआई मानक तथा स्वच्छता नियमों की अनदेखी करते हुए पानी के कैंपर एवं पैकिंग वाटर का विक्रय किया जा रहा है। यह स्थिति सीधे तौर पर आम जनता के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन सकती है। ग्राहक पंचायत के द्वारा ज्ञापन के माध्यम से जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि नगर में बिक रहे सभी पानी के कैंपर एवं पैकिंग वॉटर की नियमित जांच करवाई जाए, संदिग्ध पानी के सैंपल लेकर प्रयोगशाला में परीक्षण कराया जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। हमने विगत दिनों इंदौर की घटना भी देखी है जों दूषित जल के कारण उत्पन्न हुई, उस घटना में कई आमजन काल कलवित हो गए। इसी को लेकर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का कहना है कि शुद्ध पेयजल आम नागरिक का मूल अधिकार है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। संस्था ने प्रशासन से इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। ज्ञापन देते समय ग्राहक पंचायत के प्रांत सह सचिव नवनीत शर्मा, जिलाध्यक्ष विजय कोठारी, सुनील ठाकुर, शुभम भाटी, निलेश सेन, रवि राठौर सहित आदि उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मना गणतंत्र दिवस, कलेक्टर अदिति गर्ग ने फहराया ध्वज

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। जिलास्तरीय मुख्य कार्यक्रम महाविद्यालय के क्रीड़ा परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिति गर्ग ने झंडा वंदन किया तथा परेड की सलामी ली। जिलास्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर अदिति गर्ग द्वारा मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया गया। संदेश वाचन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े गए।

इस अवसर पर सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, मंदसौर विधायक विपिन जैन, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी बंशीलाल गुर्जर, नपा उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अनुकूल जैन, एएसपी तेरसिंह बघेल, न्यायाधीशगण, जिला अधिकारीगण, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन द्वारा जिले के 65 पीडितों को रेडक्रास से एक साल में मिली 16.71 लाख की सहायता

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले के 65 पीडितों को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा एक साल में रेडक्रास नीमच से 16 लाख 71 हजार 810 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। रेडक्रास से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरदौडा की शीलाबाई यादव, नीमच की रूबीना रजाक, कराडिया महाराज की संगीतादेवी, मोरवन की बदामीबाई, पिपलिया नाथावत की भारत बाई, जावद के प्रहलाद मेघवाल, रामपुरा के राकेश मकवाना, आलोरी गरवाडा के समीर बरकत, कुण्डला के मदनलाल, बघाना की सुनीतादेवी को उपचार एवं नानपुरिया के पुष्कर गोमा भील को पुत्र के उपचार के लिए 10-10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

रेडक्रास प्रभारी अधिकारी श्री पराग जैन ने बताया, कि कोटडी इस्तमुरार के विजय कुमार को बेटरी खरीदने के लिए 8310 रूपए, परिवार के पालन पोषण के लिए चौथखेडा के ईश्वरसिह को 5 हजार रूपये, डिकेन के मांगीलाल धाकड को 2 हजार रूपये, रामपुरा की विद्या मोर्य को पढ़ाई खर्च के लिए 10 हजार रूपये, नीमच की मुसरफ बानों को बच्चों की पढ़ाई के लिए 10 हजार रूपये, खडावदा की नखराबा, चौरसबाई एवं नंदुबाई, राधाबाई को सड़क दुर्घटना में परिजन की मृत्यु होने पर 10-10 हजार रूपये, कंजार्डा के सुरेश लोहार को उपचार के लिए 15 हजार रूपये, नीमच की खातुन बाई को भरण पोषण के लिए दो हजार रूपये, लबीना मर्सी जडसन को भरण पोषण के लिए 10 हजार रूपये, मनासा के संतोष ग्वाला को बच्चों की पढाई के लिए 10 हजार रूपये, नीमच की तबसुम बी को 20 हजार रूपये, हाडी पिपलिया की याशिका को पढ़ाई के लिए 10 हजार रूपये, जावद के प्रहलाद को उपचार के लिए 15 हजार रूपये, कुकडेश्वर के नन्दकिशोर को भरण पोषण के लिए 10 हजार रूपये, कराडिया के राजाराम रावत को मंच से गिरने पर उपचार के लिए 10 हजार रूपये, बघाना के प्रिंस अहीर को दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 10 हजार रूपये, आलोरी की अमरीबाई को उपचार के लिए 15 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

इसी तरह सिंधी कालोनी नीमच की मीना सुभाष को उपचार के लिए 12 हजार रूपये, बघाना के रामलाल रेगर को 15 हजार रूपये, आंकली की प्रतिमा मोगिया को दुर्घटना में उपचार के लिए 20 हजार रूपये, मनासा के राहुल कायस्थ को पत्नि के उपचार के लिए 12 हजार रूपये, काकरिया तलाई के दिव्यांग दिनेश धाकड को स्वरोजगार के लिए 10 हजार रूपये, किशनपुरा की सोहनबाई को 10 हजार रूपये, बघाना की कैलाशी बाई को 10 हजार रूपये, सिंगोली के समीर को पुत्र के उपचार के लिए 30 हजार रूपये, बघाना के मनीष अहीर को स्कूल फीस के लिए 5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

कुचडौद के चंद्रशेखर को पुत्री के विवाह के लिए 15 हजार रूपये, अम्बेडकर कालोनी की आशाबाई को उपचार के लिए 5 हजार रूपये, नीमच के फारूख मोहम्मद का पुत्री के विवाह के लिए 10 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

कलेक्टर द्वारा रेडक्रास से पिपलियारावजी की पदमा माली को जीवन यापन के लिए 10 हजार रूपये, आमली भाट के दीपक भट को पढाई खर्च के लिए 5 हजार रूपये, रामपुरा के रमेश रायकवार को उपचार के लिए 5 हजार रूपये, बघाना के अब्दुल रहीम को पुत्री के लिए 15 हजार रूपये, जावद के प्रकाश धरवाल को वर्ल्ड चेम्पीयनशिप में शामिल होने के लिए 25 हजार रूपये, ग्वालटोली के कालूलाल को माता के उपचार के लिए 15 हजार रूपये, नीमच की सोहन बाई प्रजापति को 10 हजार रूपये, रूपारेल की ललीता राठौर को सडक दुर्घटना में बच्चों के घायल होने पर उपचार के लिए 1.50 लाख रूपये, पति की मृत्यु हो जाने पर 50 हजार रूपये एवं जोडमी की श्रीमती लक्ष्मी बाई को पति की मृत्यु होने पर 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

डिप्टी कलेक्टर श्री पराग जैन ने बताया, कि भरभडिया की खुशी मेघवाल को बिजली बिल के लिए 7500 रूपये, कार दुर्घटना में घायल माता के उपचार के लिए श्री रोहित सैन को 25 हजार रूपये, राजपाल सिह को पुत्री के उपचार के लिए 15 हजार रूपये, रामपुरा की कंकुबाई को पति की आकस्मिक मृत्यु होने पर 25 हजार रूपये, नंदबाई को पति की मृत्यु होने पर 20 हजार रूपये, नीमच के शांतिलाल को पुत्र के उपचार के लिए 8 हजार रूपये, मनासा में जीबीएस बीमारी से मृत होने पर पूरनमल के परिजनों को 2 लाख रूपये एवं मनासा में जीबीएस बीमारी से मृत होने पर अर्जुन देतवाल के परिजनों को 2 लाख रूपये, नीमच के अभिशेख हाडा, मनासा के धर्मेंद हाडा एवं मनीष काबरा को जीबीएस के उपचार के लिए प्रत्येक को 1.20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

## कलेक्टर ने दिए हरवार की बालिका छात्रावास में उपस्थित नहीं होने वाली वार्डन को निलंबित करने के निर्देश दिए

### निलम्बित संविदा वार्डन को पद से पृथक करने के दिए निर्देश



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जनसुनवाई करते हुए आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में कस्तुरबा बालिका छात्रावास हरवार की पूर्व में शिकायत के आधार पर निलंबित की गई, संविदा वार्डन को पद से पृथक करने के निर्देश कलेक्टर ने जिला परियोजना समन्वयक को दिए है। हरवार छात्रावास की छात्राओं ने मंगलवार को जनसुनवाई में छात्रावास में अधीक्षक नहीं होने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। इस पर कलेक्टर ने हरवार छात्रावास में नव पदस्थ की गई वार्डन द्वारा कार्य भार गृहण नहीं करने पर नव पदस्थ वार्डन को निलंबित करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिए है।

जनसुनवाई में खजुरी मनासा की शंकुतला बाई ने पति की कृषि कार्य करते हुए 16 जून 2025 को करंट लगने में मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता दिलाने के आवेदन पर कलेक्टर ने पीडित महिला को तत्काल मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत आर्थिक सहायता स्वीकृत करने के निर्देश उप संचालक कृषि नीमच को दिए तथा एडीएम उक्त प्रकरण का फालोअप करने के भी निर्देश दिए है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री बी.एस.कलेश, जिला पंचायत सीईओ श्री पराग जैन, एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में रामपुरा की बालीबाई, मंदसौर की पुष्पा चौहान, दामोदरपुरा के मोतीलाल, बघाना के रफीक खान,बरखेडा के जगदीशचंद्र, बरलाई की ललिताबाई, महागढ के उम्मेदसिह, कालूसिह, नीमच की अनिता कुंवर, साकरियाखेडी के जुगल किशोर, सेमार्डा के भगवानलाल, सेमलीचक के गोविंद पाटीदार ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह नीमच के राकेश शर्मा, पालराखेडा के अमृत नागदा, रूपपुरा के मांगुसिह, मेडकी के नन्दकिशोर, खोर के मदनलाल, आत्रीमाता की इंद्राबाई, धनेरिया रोड बघाना के विक्रम राठौर, कुमारिया विरान की कलाबाई, घसुण्डी जागीर के भरत मीणा, चौथखेडा के कैलाश, सरवानिया महाराज के महेश सैनी, पालसोडा के राधाकिशन, सेदरिया के दीपक, बर्डिया जागीर की सुनीताबाई, कचौली के इमरान ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत किए। जिस पर संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## दलौदा पुलिस ने 250 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं डोडाचूरा पकड़ा, दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दलौदा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक शुभम व्यास एवं उनकी टीम ने 250 ग्राम एमडी ड्रग्स एवं 2 किलो 550 ग्राम डोडाचूरा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 25 जनवरी को गठित टीम में सउनि कैलाश बघेल एवं अन्य ने धुंधड़का श्मशान घाट के पास से दो व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा। तलाशी में इनके कब्जे से एक बेग में 250 ग्राम मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स एवं 2 किलो 550 ग्राम डोडाचूरा मिला। आरोपी नवीन पिता जगदीश सुथार निवासी बड़वन एवं महेश पिता मदनलाल रायकवार सूर्यवंशी निवासी बड़वन को गिरफ्तार किया गया। मामले में पूछताछ की जा रही है। इस कार्य में प्रआर राजपालसिंह, जितेन्द्रसिंह गौर, युवराजसिंह, आरक्षक सागर शर्मा, गोपालकृष्ण की भी भूमिका रही है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव कल मल्हारगढ़ और मंदसौर आएंगे

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मंदसौर दौरा प्रस्तावित हुआ है। मुख्यमंत्री यादव कल 29 जनवरी को मल्हारगढ़ और मंदसौर आएंगे। मल्हारगढ़ में भावांतर राशि के अंतरण कार्यक्रम तो मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक का लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीएम यादव विमान से हवाई पट्टी पहुंचेंगे। हेलीकॉप्टर से मल्हारगढ़ जाएंगे। इसी तरह सीतामऊ साहित्य महोत्सव में भी मुख्यमंत्री के शिरकत करने की संभावना है, लेकिन इसका दौरा प्रस्तावित नहीं हो पाया है।

## तीन दिन बाद खुली मंडी, बम्पर रही आवक, बारिश से परेशानी उपजी

### मंगलवार को बैंक हड़ताल के बाद भी सभी किसानों को भुगतान के दावे, 29 हजार बोरी रही आवक



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मंदसौरा तीन दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को कृषि उपज मंडियों में खरीदी कार्य हुआ। जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेक्ट पहुंचे। आवक भी बम्पर हुई। प्याज और लहसुन की अच्छी आवक के चलते मंडी प्रांगण इस उपज से पटगया। उधर, पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव हो रहा है और बाछल छा रहे हैं।

ऐसे में मंगलवार को मंडी खुलने और खरीदी कार्य होने के दौरान ही बारिश हुई है। हालांकि, बारिश अत्यधिक नहीं हुई है, लेकिन फिर भी खुले में रखी किसानों की उपज भीग गई। कई दिनों से बादल छाने की वजह से किसान भी तिपाल लेकर आए थे। कई किसानों के पास तिरपाल नहीं थे, ऐसे मैं बाहर से महंगे दामों में तिरपाल खरीदकर उपज को ढंकना पड़ा है। खुले में देर में पड़ी अज गिली होने से नके भाव में भी अंत देखने को मिला है। जो दाम पूर्व में थे वे गिरती श्रेणी में आए। हालांकि, मंडी सचिव पर्वतसिंह सिसोदिया ने भाव कम होने से इंकार किया है। सचिव सिसोदिया ने बताया कि हल्की बारिश हुई थी। कोई समस्या नहीं है। दाम और नीलामी व खरीदी कार्य ठीकठाक रहा है। भुगतान भी किया गया है।

मंडी में उपज लेकर आए किसानों का कहना है कि तीन दिन बाद मंडी खुली है, लेकिन मंगलवार को माकठे की बारिश होने से हमें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ है। उपज गिली हो गई नीलामी दाम में आनाकानी भी देखने को मिली है। उधर, मंगलवार को कुल आवक 2 हजार 795 बोरी रही। इसमें लहसुन की आवक 11 हजार बोरी रही, वहीं प्याज की आवक 5500 बोरियां रही । सोयाबीन की आवक 2089 बोरी रहीं। सरसों 1368 बोरी तो मूंगफली की आवक 274 रही।

वहीं पुरानी लहसुन की आवकभी 3500 रही है। जिले में सीतामऊ, दलौदा, पिपलिया, सुवासरा, शामगढ़, गरोठ एवं भानपुरा कृषि मंडियों में भी तीन दिन की छुट्टी के बाद अच्छी आवक देखने को मिली है। मंडी में खराब मौस के बावजूद भी रंगत देखने को मिली। बैंक हड़ताल का असर भी मंडी में आवक पर रहा है। हालांकि, पिछले दिनों से ही किसान उपज लेकर मंडियों तक पहुंच गए थे। लेकिन, अनेक किसान बैंक हड़ताल की वजह से मंगलवार को मंडी तक नहीं पहुंचे। हड़ताल राष्ट्रीयकृत बैंक की थी, प्राईवेट बैंक चालू थी। उधर, मंडी प्रशासन ने भी मंडी चालू रहने और आरटीजीएस के माध्यम से भुगतान करने का प्रचार कर किसानों को इससे अवगत कराया था।

## जिला पंचायत की बैठक में विधायक प्रतिनिधि तरूण खिंची ने गलत रिपोर्ट और इलाज में लापरवाही का मामला उठाया



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों की मनमानी का मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा। बैठक में मंदसौर विधायक प्रतिनिधि तरूण खिंची ने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े दो गंभीर मामलों को उठाते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आड़े हाथों लिया।

विधायक प्रतिनिधि तरूण खिंची ने सभा में प्रार्थीया सोना जाट (निवासी-बेटीखेड़ी) का मामला पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने बताया कि विगत 10 दिसम्बर 2025 को मंदसौर डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा महिला की वीडीआरएल टेस्ट रिपोर्ट गलत (पॉजिटिव) दी गई थी। इसके बाद जब महिला ने अन्य तीन लैबों और अंततः जिला चिकित्सालय में जांच करवाई, तो रिपोर्ट नेगेटिव आई। गलत रिपोर्ट के कारण गर्भवती महिला को न केवल मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, बल्कि उसे अनावश्यक इंजेक्शन लगवाने की सलाह भी दी गई थी। अगर ये इंजेक्शन लग जाते तो गर्भवती महिला व उसके बच्चों को जान का खतरा हो सकता था। इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित डायग्नोस्टिक सेंटर पर अब तक कार्यवाही क्यों नहीं की। तरुण खिंची ने सीएमएचओ डॉ. गोविन्दसिंह चौहान से सवाल किया कि शिकायत के डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी उक्त डायग्नोस्टिक सेंटर पर अब तक कोई ठोस कार्यवाही क्यों नहीं की गई? इसके साथ ही, खिंची ने डॉ. रितु शर्मा पर इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए प्रशासन को घेरा। मामला मंदसौर निवासी अंकित गेहलोत की पत्नी पूनम से जुड़ा है, जिनकी और उनके गर्भ में पल रहे दो मासूम बच्चों की उपचार के अभाव में मृत्यु हो गई थी। खिंची ने बताया कि पीड़ित परिवार का आरोप है कि डॉ. शर्मा ने समय पर उचित जांच और उपचार नहीं किया, जिसके कारण संक्रमण फैल गया। जब स्थिति बिगड़ी तो उन्हें अन्य अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। खिंची ने इस मामले में अब तक हुई विभागीय जांच की प्रगति पर जवाब मांगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने भी तरूण खिंची के पक्ष का समर्थन किया और सीएमएचओ को तत्काल निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य जगदीश फौजी और रिंकेश डबकरा ने भी स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई पर नाराजगी जताई।

जनप्रतिनिधियों के तीखे तेवरों को देखते हुए जिला पंचायत सीईओ अनुकुल जैन ने आश्वस्त किया कि इन शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है। उन्होंने आगामी 4 फरवरी को स्वास्थ्य विभाग की एक विशेष बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें इन दोनों प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर दोषियों पर कार्रवाई तय की जाएगी।

# सम्पादकीय

## भारत का 77 वां गणतंत्र बनाम स्त्री विमर्श

भारत के 77वें गणतंत्र में प्रवेश करते हुए जब हम लोकतांत्रिक व्यवस्था की पड़ताल करते हैं तो यह स्थिति हमारे सामने खड़ी होती है कि क्या स्वतंत्रता की यह यात्रा स्त्रियों को भी उसी गरिमा, समानता और अधिकार तक पहुँचा पाई है जिसका वादा संविधान ने जोर शोर से किया था। वास्तविकता यह है कि आज भी स्त्री भारतीय लोकतंत्र में केवल संख्या नहीं बल्कि स्वीकृति, सहभागिता और निर्णायक उपस्थिति की तलाश में संघर्षरत है। स्वतंत्रता आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली स्त्री आज भी सत्ता, नीति और सामाजिक निर्णयों के केंद्र से दूर रखी जाती है। संसद से पंचायत तक प्रतिनिधित्व की बात हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रम और सुरक्षा के सवाल, हर जगह स्त्री की भागीदारी सीमित और संघर्षपूर्ण दिखाई देती है। लोकतंत्र ने उसे मताधिकार तो दिया पर मानसिक स्वतंत्रता अभी अधूरी है, अभी पुरुषों के निर्देशन में ही में ही कार्य संपादित करना पड़ता है। कानूनी अधिकार तो प्रदत्त किए हैं पर सामाजिक चेतना का विस्तार नहीं हुआ है, बेटी बचाओ से लेकर बेटी पढ़ाओ तक के नारे गूंजे लेकिन बेटी को निर्णयकर्ता बनाने का साहस समाज अभी तक नहीं जुटा पाया है।, स्त्री आज भी दोहरी जिम्मेदारियों के बोझ निर्वहन कर रही है। जहाँ एक ओर उससे आधुनिक होने की अपेक्षा की जाती है तो दूसरी ओर परंपराओं की जंजीरों में जकड़कर उसकी उड़ान के पंख काट दिए गए है।

कार्यस्थलों पर समान वेतन की लड़ाई हो या घर के भीतर अदृश्य श्रम की अनदेखी, स्त्री का श्रम आज भी कम आँका जाता है, डिजिटल युग में प्रवेश के बावजूद तकनीक और संसाधनों तक उसकी पहुँच सीमित है जिससे नया लोकतांत्रिक स्पेस भी पुरुष प्रधान होता जा रहा है।

राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रश्न दशकों से प्रतीक्षा में है जो यह दर्शाता है कि लोकतंत्र स्त्री को भागीदार नहीं बल्कि प्रतीक भर मानता रहा है, हिंसा के आँकड़े बताते हैं कि स्त्री का शरीर आज भी सत्ता, वर्चस्व और असहिष्णुता का मैदान बना हुआ है और न्याय की प्रक्रिया उसके लिए लंबी, जटिल और कई बार अपमानजनक हो जाती है।

यह विडंबना ही है कि जिस लोकतंत्र की बुनियाद समानता पर टिकी है उसी लोकतंत्र में स्त्री को अपनी अस्मिता सिद्ध करनी पड़ती है, नए संदर्भों में देखें तो स्त्री केवल पीड़िता नहीं बल्कि परिवर्तन की वाहक भी है, स्वयं सहायता समूहों से लेकर स्टार्टअप संस्कृति तक, आंदोलन से लेकर साहित्य और मीडिया तक, स्त्री अपनी नई भाषा गढ़ रही है जो अधिकार के साथ आत्मसम्मान की भी मांग करती है। आज की स्त्री दया नहीं अवसर चाहती है, संरक्षण नहीं साझेदारी चाहती है और प्रतिनिधित्व नहीं बल्कि निर्णय में हिस्सेदारी चाहती है, 77वें गणतंत्र का गर्व तभी सार्थक होगा जब लोकतंत्र केवल पुरुष अनुभव का विस्तार न रहकर स्त्री दृष्टि से भी पुनर्परिभाषित होगा, जब नीति निर्माण में स्त्री का जीवन अनुभव शामिल होगा, जब घर, समाज और सत्ता तीनों स्तरों पर बराबरी की संस्कृति विकसित होगी, क्योंकि स्त्री की स्वतंत्रता किसी एक वर्ग का प्रश्न नहीं बल्कि लोकतंत्र की गुणवत्ता की कसौटी है और जब तक स्त्री अपनी उपस्थिति नहीं बल्कि अपना स्थान सुनिश्चित नहीं कर लेती तब तक भारतीय लोकतंत्र अधूरा, असंतुलित और आत्मगौरव से वंचित ही रहेगा।

इसी संघर्षपूर्ण लोकतंत्र में कुछ स्त्रियाँ ऐसी भी हैं जिन्होंने तमाम बाधाओं, उपेक्षाओं और सामाजिक दीवारों को तोड़कर अपनी पहचान गढ़ी और व्यवस्था को आईना दिखाया, द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति पद तक पहुँचना आदिवासी स्त्री की उस यात्रा का प्रतीक है जो सदियों से हाशिये पर रही है। उनके राष्ट्रपति बना आदिवासी गौरव का बड़ा प्रतीक है। कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में भारत की स्त्री चेतना को नई ऊँचाई दी, मैरी कॉम ने यह साबित किया कि सीमित संसाधनों और सामाजिक बंधनों के बावजूद एक स्त्री विश्व मंच पर भारत का गौरव बन सकती है। इरोम शर्मिला ने अहिंसक संघर्ष के माध्यम से लोकतंत्र को उसकी संवेदनशीलता याद दिलाई, फातिमा शेख और सावित्रीबाई फुले की विरासत को आगे बढ़ाती आज की शिक्षिकाएँ आज भी शिक्षा को स्त्री मुक्ति का हथियार बना रही हैं। अरुणिमा सिन्हा ने शारीरिक अक्षमता को पराजित कर यह सिद्ध किया कि स्त्री की शक्ति सहानुभूति की मोहताज नहीं होती। मिताली राज और पीवी सिंधु ने खेल के मैदान में पुरुष वर्चस्व को चुनौती दी, किरण बेदी ने प्रशासन में स्त्री नेतृत्व की कठोर लेकिन संवेदनशील छवि प्रस्तुत की, अंजू बॉबी जॉर्ज से लेकर बछेंद्री पाल तक पहाड़ और मैदान दोनों जगह स्त्री ने अपने साहस की छाप छोड़ी, ये नाम केवल व्यक्तिगत सफलताएँ नहीं हैं बल्कि उस लोकतंत्र की खामियों के बीच उग आए प्रतिरोध के दीप हैं जो यह बताते हैं कि स्त्री अवसर मिले तो नीति, नेतृत्व और नवाचार में किसी से पीछे नहीं है, फिर भी यह विडंबना बनी हुई है कि इन उदाहरणों को अपवाद मान लिया जाता है और स्त्री की सामूहिक स्थिति जस की तस बनी रहती है, 77वें गणतंत्र का वास्तविक गर्व तब होगा जब इन संघर्षरत स्त्रियों की कहानियाँ प्रेरणा भर नहीं बल्कि नीति और सामाजिक व्यवहार का आधार बनेंगी, जब लोकतंत्र स्त्री को प्रतीक नहीं बल्कि सहभागी मानेगा, क्योंकि इन स्त्रियों का संघर्ष यह स्पष्ट करता है कि स्त्री की सफलता दया से नहीं बल्कि अधिकार, अवसर और आत्मसम्मान से जन्म लेती है।

## शास्त्रीय संगीत पर आधारित राग व वाद्ययंत्र हमारे सूक्ष्म चक्रों को सशक्त बनाते हैं



सहज योग में संगीत व वाद्य यंत्रों पर ध्यान करने का महत्व बहुत ज्यादा है। हमने कई बार इस बात को अपने जीवन में घटित पाया होगा कि जब हम कोई कार्य करते हुये धीमी आवाज में सुमधुर संगीत सुनते हैं तो मन को कार्य करते हुये थकान का अनुभव नहीं होता है। आजकल तो यह भी सुना जा रहा है कि फलों और सब्जियों के उत्पादन में, गाय से अधिक दूध प्राप्त करने में संगीत का प्रयोग हो रहा है।

हमारे शरीर के अंदर के सभी सूक्ष्म शक्ति केन्द्र यानि हमारे चक्र भी ईश्वर से जुड़े हैं और शास्त्रीय संगीत एवं वाद्य यंत्र भी ईश्वरीय उपासना के ही स्त्रोत हैं। एक सुर या लय में गाया गया गीत जल्द ही ईश्वर तक पहुंचता है। भजन व आरती भी इसी उद्देश्य से गाये जाते हैं। सहज योग में हमने यह जाना है कि ईश्वर हमारे ही अंदर हैं, अतः हम संगीत से अपने ही अंदर के ईश्वर को आनंदित करते हैं।

हमारी परम पूज्य श्री माताजी ने चक्रों की जागृति हेतु हर चक्र का अलग राग बताया है व वाद्य यंत्र भी हर चक्र के अलग अलग हैं। यदि हम ध्यानावस्था में संबंधित चक्र पर उस चक्र के राग या वाद्य यंत्र को सुनते हुये ध्यान करते हैं तो चक्र सशक्त होता है जैसे चक्रों को पोषण मिल रहा हो।

राग और वाद्य यंत्र जो हर चक्र पर प्रभावी होते हैं उनका विवरण इस प्रकार है–

मूलाधार चक्र : राग - श्याम कल्याण/ बिलावल, वाद्य यंत्र- शहनाई
स्वाधिष्ठान : चक्र ‍= राग ‍= तोड़ी / यमन , वाद्य यंत्र - वीणा
नाभि चक्र : राग - ललित / गुनकली, वाद्य यंत्र - संतूर
भवसागरः राग - मालकौंस
हृदय चक्र : राग - भैरवी/दुर्गा/भैरव, तबला-मृदंग
विशुद्धि चक्र : राग - जय-जयवंती, वाद्य यंत्र - बॉसुरी
आज्ञा चक्र : राग - भूप /बागेसरी, वाद्य यंत्र - सरोद
सहस्त्रार चक्र - राग - दरबारी / भैरवी, वाद्य यंत्र - सितार

ध्यान के समय सुनियोजित तरीके से श्री माताजी के प्रवचन के साथ साथ राग या वाद्य यंत्र को सुनकर ध्यान करना, ध्यान को पूर्णता प्रदान करता है। इससे हमारे चक्र तो शक्तिशाली होते ही हैं, हमारा चेहरा भी तेजोमय हो जाता है। यदि किसी चक्र पर समस्या है तो उस चक्र का राग या वाद्य यंत्र दो तीन दिन लगातार सुनकर उस चक्र को प्रभावी करें। इस अनूठी ध्यान पद्धति से जुड़ने हेतु व आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# वैश्विक भय की चमकः क्यों रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं सोना और चांदी

वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में सोना और चांदी की ऐतिहासिक ऊंचाइयां केवल बाजार की खबर नहीं बल्कि बदलती हुई वैश्विक चेतना का स्पष्ट संकेत बन चुकी हैं। यह तेजी किसी अचानक उत्साह का परिणाम नहीं बल्कि लंबे समय से जमा होते भय असुरक्षा और अविश्वास का विस्फोट है। जब दुनिया का आर्थिक तंत्र डगमगाने लगता है तब निवेशक लाभ की संभावनाओं से अधिक सुरक्षा की तलाश में निकल पड़ते हैं। आज वही स्थिति दिखाई दे रही है। शेयर बाजारों की अस्थिरता और मुद्राओं की कमजोरी ने लोगों को सदियों पुराने भरोसे की ओर लौटने के लिए मजबूर किया है। सोना और चांदी की चमक दरअसल इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक व्यवस्था पर विश्वास कमजोर पड़ चुका है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव इस तेजी की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध की नई परतें यूरोप की राजनीतिक अस्थिरता मध्य पूर्व में लगातार सुलगते संघर्ष और लैटिन अमेरिका के संकट ने वैश्विक बाजारों में भय का वातावरण बना दिया है। निवेशक अब यह मानने लगे हैं कि आने वाला समय टकराव और अनिश्चितता से भरा हो सकता है। ऐसे माहौल में जोखिमपूर्ण परिसंपत्तियां आकर्षण खो देती हैं। पूंजी स्वभाव से ही डरपोक होती है और खतरे की आहट मिलते ही सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है। सोना और चांदी इसी डर का स्वाभाविक आश्रय बनते हैं। यह तेजी बताती है कि दुनिया स्थिरता नहीं बल्कि सुरक्षा खोज रही है।

केंद्रीय बैंकों की रणनीति ने इस प्रवृत्ति को और मजबूती प्रदान की है। जब देश अपनी मुद्रा और आर्थिक संप्रभुता को लेकर चिंतित होते हैं तब वे सोने की ओर लौटते हैं।

बड़े पैमाने पर सोने की खरीद केवल निवेश नहीं बल्कि एक रणनीतिक संदेश होती है। यह संकेत देता है कि वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में तनाव बढ़ सकता है। जब केंद्रीय बैंक सोने को प्राथमिकता देते हैं तब बाजार को यह स्पष्ट संदेश मिलता है कि भविष्य में मुद्रा जोखिम गहरा सकता है। आम निवेशक भी इस संकेत को समझता है और उसी दिशा में कदम बढ़ाता है। इस सामूहिक विश्वास से कीमतें केवल मांग के कारण नहीं बल्कि मनोवैज्ञानिक मजबूती के कारण भी बढ़ती हैं।

चांदी की तेजी इस पूरी कहानी में एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। यह धातु अब केवल सुरक्षित निवेश का साधन नहीं रही बल्कि आधुनिक तकनीकी विकास की अनिवार्य जरूरत बन चुकी है। सौर ऊर्जा इलेक्ट्रिक वाहन डिजिटल उपकरण और औद्योगिक उत्पादन में चांदी की मांग तेजी से बढ़ रही है। वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन ने इसकी उपयोगिता को कई गुना बढ़ा दिया है। दूसरी ओर आपूर्ति सीमित है जिससे कीमतों पर दबाव स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। निवेशक अब चांदी को केवल संकट में सुरक्षा नहीं बल्कि भविष्य के विकास का माध्यम भी मान रहे हैं। यही दोहरी भूमिका इसकी कीमतों को और अधिक अस्थिर लेकिन आकर्षक बना रही है।

आर्थिक अनिश्चितता और मौद्रिक नीतियों की दुविधा ने इस उछाल को और गहराई दी है। मुद्रास्फीति की मार और ब्याज दरों को लेकर असमंजस ने कागजी मुद्रा की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब लोगों को लगता है कि उनकी मुद्रा धीरे धीरे मूल्य खो रही है तब वे ठोस संपत्तियों की ओर रुख करते हैं। सोना और चांदी इस संदर्भ में मूल्य संरक्षण का सबसे पुराना और भरोसेमंद साधन माने जाते हैं। यह केवल आर्थिक गणना नहीं बल्कि मानसिक सुरक्षा की तलाश है। लोग भविष्य को लेकर चिंतित हैं और वर्तमान में अपने धन को सुरक्षित रखना चाहते हैं। यही भावना इस रिकॉर्ड तेजी की असली ऊर्जा बन चुकी है।

भारतीय बाजार में इस तेजी का प्रभाव केवल निवेश तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है। सोना भारतीय संस्कृति में केवल धातु नहीं बल्कि परंपरा और भावनाओं का प्रतीक है। शादी विवाह और त्योहारों से जुड़ी उम्मीदें अब महंगाई की दीवार से टकरा रही हैं। आम परिवार के लिए आभूषण खरीदना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। इसके बावजूद निवेश के स्तर पर यह समय अवसर भी प्रस्तुत करता है। डिजिटल गोल्ड सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड और अन्य वित्तीय विकल्पों ने निवेश को पहले से अधिक सुलभ बना दिया है। लोग धीरे धीरे भौतिक संग्रह से अधिक वित्तीय सुरक्षा की ओर बढ़ रहे हैं।

हालांकि इतनी ऊंची कीमतों पर निवेश करते समय सावधानी अनिवार्य हो जाती है। बाजार भावनाओं से चलता है और भावनाएं तेजी से बदल सकती हैं। वैश्विक तनाव यदि किसी मोड़ पर कम होता है तो कीमतों में उतार चढ़ाव भी आ सकता है। इसलिए विवेक संतुलन और दीर्घकालिक दृष्टि सबसे जरूरी है। सोना और चांदी को त्वरित लाभ के साधन की बजाय सुरक्षा कवच के रूप में देखना अधिक उचित होगा। यह समय लालच से अधिक समझदारी की परीक्षा है। जो निवेशक भावनाओं के बजाय रणनीति के साथ कदम रखेंगे वही इस दौर से लाभ उठा पाएंगे।

समग्र रूप से देखा जाए तो सोना और चांदी की यह ऐतिहासिक चमक बाजार का संयोग नहीं बल्कि समय की चेतावनी है। यह बताती है कि वैश्विक व्यवस्था भीतर से अस्थिर है और भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है। जब दुनिया आश्वस्त होती है तब जोखिम आकर्षक लगते हैं और जब दुनिया डगमगाती है तब सुरक्षा की चमक बढ़ जाती है। आज वही दौर चल रहा है। यह तेजी संकट की गहराई को भी दर्शाती है और अवसर की संभावना को भी। निवेशकों के लिए यह समय धैर्य विवेक और दूरदृष्टि का है। सोना और चांदी आज केवल आभूषण या निवेश नहीं बल्कि वैश्विक मनोदशा के सबसे सशक्त संकेतक बन चुके हैं।

**-प्रो. आरके जैन**

## जिस लाठी ने साम्राज्य को हिला दियाः पंजाब केसरी लाला लाजपत राय

28 जनवरी को महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक, आर्य समाज के प्रमुख विचारक तथा प्रखर राष्ट्रवादी नेता लाला लाजपत राय की जयंती मनाई जाती है। अपनी ओजस्वी वाणी, निर्भीक तेवर और अंग्रेजी हुकूमत के सामने कभी न झुकने वाले व्यक्तित्व के कारण वे जनमानस में 'पंजाब केसरी' (पंजाब का शेर) के नाम से विख्यात हुए। उनकी गर्जना(ओजस्वी भाषण) इतनी प्रभावशाली होती थी कि सभाओं में उपस्थित हजारों लोग एक ही आह्वान पर उनके पीछे चल पड़ते थे। निस्संदेह, वे भारतीय इतिहास के उन तेजस्वी सितारों में से एक हैं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब के फिरोज़पुर ज़िले के धुडीके गाँव (तत्कालीन पंजाब, ब्रिटिश भारत) में हुआ था। उनके पिता मुंशी राधाकृष्ण उर्दू-फ़ारसी के विद्वान थे तथा माता गुलाब देवी एक धार्मिक एवं संस्कारवान महिला थीं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने लाहौर के गवर्नमेंट कॉलेज से कानून की पढ़ाई की। इसी दौरान वे स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से अत्यंत प्रभावित हुए और लाहौर में आर्य समाज से जुड़ गए। लाला जी का मानना था कि हिंदू धर्म का नैतिक आदर्शवाद जब राष्ट्रवाद के साथ जुड़ता है, तो वह एक धर्मनिरपेक्ष राज्य (सेकुलर स्टेट) की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करता है। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण अत्यंत प्रगतिशील था। वे दृढ़ता से विश्वास करते थे कि बिना शिक्षा के कोई भी राष्ट्र उन्नति नहीं कर सकता। इसी सोच के परिणामस्वरूप उन्होंने युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करने हेतु 'सर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटी' की स्थापना की तथा लाहौर में 'नेशनल कॉलेज' की शुरुआत की, जहाँ आगे चलकर भगत सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों ने शिक्षा प्राप्त की।वे सामाजिक सुधारों के प्रबल समर्थक थे। 1890 के दशक के अंत में जब भारत के कई भागों में भीषण अकाल पड़ा, तब लाला जी ने राहत कार्यों का नेतृत्व किया और अनाथ बच्चों के लिए अनेक राहत शिविर एवं अनाथालय स्थापित कराए। वे विधवा पुनर्विवाह, स्त्री शिक्षा और छुआछूत उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत रहे।राष्ट्रीय आंदोलन में उनकी भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण रही। बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल के साथ मिलकर उन्होंने उग्र राष्ट्रवादी नेताओं की प्रसिद्ध त्रयी 'लाल-बाल-पाल' का गठन किया। वे इस त्रयी के प्रमुख स्तंभ थे। वे हिंदू महासभा से भी जुड़े रहे और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध मुखर रहे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य के रूप में उन्होंने पंजाब के अनेक राजनीतिक आंदोलनों का नेतृत्व किया। वर्ष 1907 में अंग्रेज सरकार ने उन्हें आंदोलनकारी गतिविधियों के कारण बर्मा निर्वासित कर दिया, किंतु पर्याप्त प्रमाण न होने के कारण कुछ महीनों बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। कम लोगों को ज्ञात है कि 1914 से 1919 के बीच लाला लाजपत राय अमेरिका में रहे। वहाँ उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहुँचाया और ब्रिटिश शासन के अत्याचारों से अमेरिकी जनता को अवगत कराया।

**-सुनील कुमार महला**

# आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का स्वैच्छिक योगदान

भारत के ग्रामीण समाज में महिला सशक्तिकरण, पोषण और स्वास्थ्य काफी हद तक आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं पर निर्भर करता है। ये वे महिलाएं हैं जो घर-घर जाकर टीकाकरण करती हैं, बच्चों में कुपोषण का पता लगाती हैं, गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित प्रसव में सहायता करती हैं और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कोविड-19 जैसी महामारी में इन्हें अग्रिम पंक्ति के सैनिकों की तरह इस्तेमाल किया गया था, लेकिन आजकल ये महिलाएं सड़कों पर हैं, उनका गंतव्य पश्चिम बंगाल का सियालदह रेलवे स्टेशन या कर्नाटक का फाउंटेन चौक है। उनकी स्थिति भी बेहतर नहीं है- क्या राष्ट्र के स्वास्थ्य की देखभाल करने वाली इन महिलाओं को श्रमिक का दर्जा नहीं दिया जाएगा?

आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की ज़रूरतें असाधारण नहीं हैं; उन्हें न्यूनतम वेतन, पेंशन, ग्रेच्युटी, तृतीय श्रेणी कर्मचारी का दर्जा और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त है। फिर भी, सरकारें उन्हें औपचारिक श्रम अधिकारों से वंचित रखती हैं और उन्हें स्वयंसेवक या परियोजना कार्यकर्ता कहती हैं। दिसंबर 2025 से जनवरी 2026 तक हुई देशव्यापी हड़तालें इस दीर्घकालिक उपेक्षा की सार्वजनिक अभिव्यक्ति का एक उदाहरण हैं।

सन् 1975 में आईसीडीएस और सन् 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आंगनवाड़ी योजना और आशा योजना शुरू की गई। इसका उद्देश्य स्थानीय महिलाओं की भागीदारी से ग्रामीण स्वास्थ्य और पोषण प्रणालियों को सशक्त बनाना था। शुरुआत में, सरकारी खर्च को सीमित करने के लिए स्वैच्छिक प्रणाली अपनाई गई थी, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि ये महिलाएं पूर्णकालिक कामगारों के रूप में कार्यरत हैं। आशा कार्यकर्ता को 1,000 लोगों की देखभाल करनी होती है, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं के साथ-साथ 40 बच्चों की देखभाल, पोषण वितरण और रिकॉर्ड रखने का काम करती हैं।

2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि वैधानिक पदों पर न होने के कारण वे सरकारी कर्मचारी हैं, लेकिन इस फैसले को नजरअंदाज कर दिया गया। हालांकि, 2022 के एक फैसले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 2013 के आईसीडीएस अधिनियम के अनुसार ग्रेच्युटी का अधिकार दिया गया। बाद में, 2024 में गुजरात उच्च न्यायालय ने समानता के सिद्धांत के आधार पर उन्हें राज्य कर्मचारी के रूप में स्वीकार किया, जबकि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पदोन्नति के मुद्दे पर विचार करने का निर्देश दिया। इसके बावजूद, केंद्र और राज्य की नीतियां असंगत और अनियमित हैं।

मानदेय का प्रचलन शर्मनाक है। आशा कार्यकर्ताओं को 3,500 से 6,000 के बीच न्यूनतम मानदेय मिलता है, और वह भी प्रोत्साहन राशि पर आधारित है। कर्नाटक में 6,000 का मानदेय निर्धारित है, लेकिन इसका भुगतान आठ-नौ महीने देरी से होता है। आंगनवाड़ी पर्यवेक्षकों को औसतन 15,000 मिलते हैं। कोई अवकाश नहीं, कोई परिवहन भत्ता नहीं, उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण नहीं। मातृत्व अवकाश भी बहुत कम हैं, और कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है।

चूंकि यह शब्द स्वयंसेवकों पर लागू होता है, इसलिए वे न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 और चार नए श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हैं। 45वें भारतीय श्रम सम्मेलन में न्यूनतम मजदूरी के लिए [?]26,000 की सिफारिश अभी तक लागू नहीं की गई है। ईपीएफ और ईएसआई जैसी कोई सामाजिक सुरक्षा योजना नहीं है। सेवानिवृत्ति पेंशन में [?]1,200 की वृद्धि की मांग वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ई-श्रम कार्ड कोई पात्रता प्रदान नहीं करता, बल्कि केवल डेटा एकत्र करता है।

विडंबना यह है कि देश में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाएं स्वयं ही असुरक्षित हैं। एनएफएचएस-5 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 35 प्रतिशत बच्चे बौनेपन के शिकार हैं और शिशु मृत्यु दर प्रति हजार 28 है। आशा कार्यकर्ताओं और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने इन आंकड़ों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कोविड-19 के दौरान 500 से अधिक कर्मचारी शहीद हो गए और मुआवजे की घोषणा भी की गई, लेकिन भुगतान में भारी देरी हुई। मानसिक तनाव, कार्यभार और हरियाणा जैसे राज्यों में 20 प्रतिशत रिक्त पदों के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है।

यह एक राजनीतिक स्तर की समस्या है जिसे स्वीकार किया गया है। 16 दिसंबर 2025 को राज्यसभा में सोनिया गांधी ने इस मुद्दे को उठाया था। बजट 2026 में कुछ संकेत दिए गए थे, लेकिन कोई निश्चित और बाध्यकारी निर्णय नहीं लिया गया। यूनियनों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे और अधिक आंदोलन करेंगे।

समाधान ढांचागत होने चाहिए, न कि आधे-अधूरे उपाय। श्रम कानूनों के माध्यम से योजना के तहत कामगारों को कर्मचारी का दर्जा दिया जाना चाहिए। इसके लिए न्यूनतम वेतन 26,000 रुपये, पेंशन 10,000 रुपये और ईपीएफ अनिवार्य होना चाहिए। केंद्र सरकार को कम से कम 50 प्रतिशत मानदेय का भुगतान करना चाहिए और राज्यों को सभी रिक्त पदों को तुरंत भरना चाहिए। अतिरिक्त समय, मातृत्व अवकाश, स्थायी कार्यस्थल, ऑनलाइन प्रशिक्षण और श्रमिक संघों की मान्यता प्रदान की जानी चाहिए। पंचायती राज के माध्यम से स्थानीय स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएँ कार्यक्रमों में केवल नाममात्र की हस्तियाँ नहीं हैं; बल्कि लाखों परिवारों की वास्तविक आशा हैं। स्वयंसेवक होने और काम करने के बीच का यह अंतर एक स्पष्ट अन्याय है। गणतंत्र के 77वें वर्ष में, जब भारत वैश्विक नेता होने का दावा करता है, इन महिलाओं के सम्मान का मुद्दा नीतिगत प्रश्न नहीं, बल्कि नैतिकता का संवैधानिक प्रश्न है। ये प्रदर्शन एक संदेश हैं; न्याय में देरी क्रांति है।

आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किसी भी योजना का पूरक नहीं हैं, बल्कि भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें स्वयंसेवी कहकर उनके श्रम अधिकारों से वंचित करना सामाजिक न्याय और संवैधानिक समानता का अपमान है। महामारियों, कुपोषण और मातृ मृत्यु दर से देश को बचाने के लिए अग्रिम पंक्ति में खड़ी होने वाली महिलाएं वर्तमान स्थिति में स्वयं असुरक्षित हैं। ये प्रदर्शन इस बात का संकेत हैं कि समय कम होता जा रहा है। यदि गणतंत्र को मजबूत करना है तो इन महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा और अधिकार मिलने चाहिए। न्याय में देरी संभव है, लेकिन उससे बचा नहीं जा सकता। आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किसी भी योजना में योगदान नहीं दे रही हैं, लेकिन वे भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र की रीढ़ हैं। उन्हें स्वयंसेवक कहकर श्रम अधिकार देने से इनकार करना सामाजिक न्याय और संवैधानिक समानता का अपमान है। जिन महिलाओं ने महामारियों, कुपोषण और मातृ मृत्यु दर से देश को बचाने के लिए काम किया, वे आज खुद असुरक्षित हैं। ये प्रदर्शन इस बात का संकेत हैं कि समय बीत रहा है। यदि गणतंत्र को मजबूत करना है तो इन महिलाओं को अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिलना आवश्यक है। न्याय में देरी हो सकती है, लेकिन उससे बचा नहीं जा सकता।

**-डॉ. प्रियंका सौरभ**

# भरोसे एवं भारत की आवाज थे विरल पत्रकार मार्क टुली

भारत की समकालीन इतिहास-यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जो केवल घटनाओं का वृत्तांत नहीं लिखते, बल्कि समय की चेतना में घुल-मिलकर स्वयं इतिहास का हिस्सा बन जाते हैं। सर विलियम मार्क टुली, जिन्हें दुनिया भर में स्नेह और सम्मान से 'मार्क टुली' कहा गया, ऐसे ही विरल पत्रकार थे। उनका निधन केवल एक वरिष्ठ पत्रकार का जाना नहीं है, बल्कि उस पत्रकारिता-दृष्टि का अवसान है, जिसमें सत्य सनसनी से ऊपर और संवेदना आंकड़ों से अधिक महत्त्वपूर्ण होती थी। बीबीसी रेडियो की वह गूंजती हुई पंक्ति-'दिस इज मार्क टुली रिपोर्टिंग फ्रॉम दिल्ली', दशकों तक भारतीय उपमहाद्वीप में भरोसे, प्रामाणिकता और संतुलन का पर्याय बनी रही।

मार्क टुली एक विदेशी पत्रकार भर नहीं थे, वे भारत की आत्मा के स्थायी प्रवासी थे, जिनमें भारतीयता रची-बसी थी। उनका भारत से रिश्ता किसी वीजा, नियुक्ति या करियर-रणनीति का परिणाम नहीं था, बल्कि वह रक्त और मिट्टी का संबंध था। 24 अक्टूबर 1935 को कोलकाता के टॉलीगंज में जन्मे टुली ने ब्रिटिश राज के अंतिम दौर का भारत देखा, जिया और महसूस किया। एक समृद्ध ब्रिटिश परिवार में जन्म लेने के बावजूद दार्जिलिंग के बोर्डिंग स्कूलों और भारतीय जनजीवन की विविध छवियों ने उनके भीतर एक ऐसी आत्मीयता एवं संस्कार बो दिया, जो जीवन भर पुष्पित-पल्लवित होती रही। नौ वर्ष की आयु में जब वे इंग्लैंड गए, तब भी भारत उनके भीतर जीवित रहा-स्मृतियों में, संवेदनाओं में और दृष्टि में।

कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में धर्मशास्त्र का अध्ययन करते समय उन्होंने पादरी बनने का विचार किया था। यह तथ्य अपने-आप में बहुत कुछ कहता है, क्योंकि सत्य की खोज, नैतिक विवेक और मानवीय करुणा उनके व्यक्तित्व की मूल धुरी थीं। किंतु नियति ने उन्हें चर्च की सीमित दीवारों से बाहर निकालकर एक ऐसे मंच पर खड़ा कर दिया, जहां वे पूरी मानवता से संवाद कर सकते थे। पत्रकारिता उनके लिए पेशा नहीं, बल्कि एक नैतिक दायित्व थी। जब वे बीबीसी के संवाददाता के रूप में भारत लौटे, तो उन्होंने इसे एक असाइनमेंट नहीं बल्कि अपने घर लौटने जैसा अनुभव किया। मार्क टुली की पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे भारत को पश्चिमी चश्मे से नहीं देखते थे। वे सत्ता के गलियारों से अधिक गांव की चौपाल, मंदिर-मस्जिद के आंगन, खेतों की मेड़ और आम आदमी की चिंता को महत्त्व देते थे।

आपातकाल हो या इंदिरा गांधी की राजनीति, सिख विरोधी दंगे हों या बाबरी मस्जिद विध्वंस, पंजाब का उग्रवाद हो या कश्मीर की पीड़ा-मार्क टुली ने हर विषय को संतुलन, गहराई और मानवीय संवेदना के साथ दुनिया के सामने रखा। वे घटनाओं के पीछे छिपी सामाजिक और सांस्कृतिक परतों को समझने की कोशिश करते थे, इसीलिए उनकी रिपोर्टिंग तत्कालीन शोर-शराबे से ऊपर उठकर स्थायी संदर्भ बन गई।

आज के आपाधापी और टीआरपी-केंद्रित इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दौर में, जहाँ खबर से ज्यादा शोर और तथ्य से ज्यादा त्वरित प्रतिक्रिया को महत्व दिया जाता है, मार्क टली की पत्रकारिता एक उजली कसौटी बनकर सामने आती है। टीवी स्टूडियो की तीखी बहसों, चीखती हेडलाइनों और सतही विश्लेषण के उलट, मार्क टली ने यह सिद्ध किया कि शांत, संयमित और तथ्यपरक संवाद भी उतना ही प्रभावशाली होता है बल्कि अधिक विश्वसनीय होता है।

उनकी पत्रकारिता दिल्ली के सत्ता-केंद्र तक सीमित नहीं थी, बल्कि वह भारत की आत्मा-गाँव, कस्बे, आम जन और उनकी पीड़ा से जुड़ी हुई थी। आज जब इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अक्सर सत्ता, बाज़ार और सनसनी के दबाव में अपनी विश्वसनीयता खोता दिख रहा है, तब मार्क टली की शैली यह सिखाती है कि पत्रकारिता का असली धर्म प्रश्न पूछना, सच को धैर्य से समझना और उसे बिना शोर के, पूरे संदर्भ के साथ प्रस्तुत करना है। उनका जीवन आज के टीवी मीडिया के लिए एक मौन लेकिन सशक्त संदेश है कि भरोसे की आवाज़ ऊँची नहीं, सच्ची होती है।

मार्क टुली की सबसे बड़ी देन यह थी कि उन्होंने भारत की विविधता को उसकी कमजोरी नहीं बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति के रूप में प्रस्तुत किया। वे मानते थे कि भारत किसी एक विचार, एक भाषा या एक संस्कृति से नहीं बनता, बल्कि यहां की बहुलता ही इसकी आत्मा है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई-ग्रामीण-शहरी, गरीब-अमीर, इन सबके बीच बहता हुआ संवाद ही भारत की असली पहचान है। जब दुनिया के कई हिस्से भारत को केवल गरीबी, अव्यवस्था या अराजकता के चश्मे से देखते थे, तब मार्क टुली ने भारत की सहिष्णुता, आध्यात्मिकता और जीवटता को रेखांकित किया। उन्होंने यह दिखाया कि यह देश विरोधाभासों के बावजूद नहीं, बल्कि उन्हीं के साथ जीना जानता है। मार्क टुली की आवाज रेडियो के माध्यम से करोड़ों लोगों के घरों तक पहुंचती थी।

वह दौर ऐसा था, जब समाचार सुनने के लिए लोग घड़ी देखकर रेडियो ऑन करते थे। उनकी रिपोर्टिंग में नाटकीयता नहीं, बल्कि सजीवता-ठहराव था। वे कहते थे कि भारत को समझने के लिए अपनी घड़ी उतारकर रखनी पड़ती है। यह कथन केवल समय-संस्कृति की बात नहीं करता, बल्कि उस धैर्य और विनम्रता की ओर संकेत करता है, जिसके बिना भारत जैसे देश को समझा नहीं जा सकता। यही धैर्य उनकी पत्रकारिता में झलकता था।

एक विदेशी होकर भी उन्होंने भारतीयता पर गर्व करना सिखाया, वह भी उस समय, जब हम स्वयं अपनी जड़ों को लेकर संशय में थे। उनकी पुस्तकों और कार्यक्रमों में भारत केवल खबर नहीं, बल्कि एक जीवंत सभ्यता के रूप में उपस्थित रहता है। 'नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया' जैसी कृतियां भारत की निरंतर चलती कहानी को सामने लाती हैं, जहां कोई अंतिम विराम नहीं, केवल प्रवाह है।

उन्होंने भारतीय लोकतंत्र की अव्यवस्थाओं की आलोचना भी की, लेकिन वह आलोचना स्नेह और चिंता से भरी होती थी, उपेक्षा या उपहास से नहीं। ब्रिटिश सरकार द्वारा नाइटहुड और भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया जाना उनके योगदान की औपचारिक स्वीकृति है, लेकिन उनकी असली विरासत वह विश्वास है, जो भारतीय जनता ने उन पर किया। लोग उनकी बात इसलिए मानते थे, क्योंकि उन्हें लगता था कि यह व्यक्ति भारत को समझता है, उसे चाहता है और उसके साथ ईमानदार है।

आज के दौर में, जब पत्रकारिता तेजी से बदल रही है, प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड में, नई तकनीक के दबाव में हांफ रही है, तब मार्क टुली की कमी और अधिक महसूस होती है। उनका जाना उस युग का अंत है, जहां शब्दों की गरिमा थी और तथ्य पवित्र माने जाते थे। वे हमें यह सिखाकर गए कि पत्रकारिता सूचना का व्यापार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा है। भारत की मिट्टी में जन्मा, विदेशी धरती पर शिक्षित और अंततः भारत की ही गोद में समा जाने वाला यह व्यक्तित्व सदैव स्मृतियों में जीवित रहेगा। वे ऐसे विदेशी साक्षी थे, जिन्होंने भारत को केवल दुनिया की नजरों में ही नहीं, बल्कि भारतीयों की अपनी नजरों में भी नई गरिमा दी। मार्क टुली का जीवन इस बात का प्रमाण है कि सीमाएं नागरिकता तय कर सकती हैं, संवेदनाएं नहीं। उनकी आवाज भले ही अब रेडियो पर न गूंजे, लेकिन भारत की आत्मा में उनकी प्रतिध्वनि लंबे समय तक सुनाई देती रहेगी।

**-ललित गर्ग**

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान हेतु अमलतास हॉस्पिटल सम्मानित

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अमलतास हॉस्पिटल को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोद के कर-कमलों से प्रदान किया गया।



सम्मान समारोह के दौरान अमलतास हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. जगत बहादुर रावत तथा मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. ए.के. पीठवा को यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अमलतास हॉस्पिटल द्वारा किए जा रहे सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की गई।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन और स्वास्थ्य संस्थानों की सामूहिक जिम्मेदारी है, और अमलतास हॉस्पिटल ने इस दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। वहीं एसपी पुनीत गहलोद ने अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए उनके योगदान को प्रेरणादायी बताया।

इस अवसर पर अमलतास वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन ने कहा कि अमलतास समूह का उद्देश्य केवल उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। यह सम्मान हमारी पूरी टीम के समर्पण और सेवा भावना का प्रमाण है तथा भविष्य में हम और अधिक ऊर्जा के साथ जनसेवा के लिए कार्य करते रहेंगे।

डॉ. जगत बहादुर रावत ने सम्मान के लिए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी अमलतास टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। डीन डॉ. ए.के. पीठवा ने कहा कि भविष्य में भी जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ देने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

इस सम्मान से अमलतास अस्पताल का मनोबल बढ़ा है और जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में नए आयाम स्थापित होंगे।

# निगम कार्यालय व जवाहर चौक पर महापौर ने किया झण्डावंदन

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** 26 जनवरी गणंतंत्र दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय मे महापौर श्रीमती गीता दुर्गेश अग्रवाल के द्वारा प्रातः 7.30 बजे झण्डावंदन किया। इसके पश्चात निगम परिसर मे निगम के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 35 अधिकारियों व कर्मचारियों को महापौर गीता अग्रवाल के द्वारा सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, निगम शहरी गरीबी उपशमन विभाग समिती अध्यक्ष शीतल गोहलोत, पार्षद राहूल दायमा, वित्त एवं लेखा विभाग समिती अध्यक्ष प्रतिनिधि अजय पडियार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर




सम्मानित किया गया। इसके पश्चात परम्परानुसार स्थानिय जवाहर चौक पर भी महापौर के द्वारा प्रातः 8 बजे झण्डावंदन किया गया। इन अवसरों पर तिरंगे गुब्बारों को छोडा गया। इस दौरान पार्षद दिव्या नितीन आहूजा, पार्षद प्रतिनिधि निती आहूजा, राज वर्मा, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, उपायुक्त वित्त दिपक पटेल, प्र. कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, जगदीश वर्मा, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया, राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव, प्र. कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिहं पंजाबी, सहायक यंत्री दिनेश चौहान, मुशाहीद हन्फी, उपयंत्री पलक श्रीवास्तव, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार, भूषण पवार, हरेन्द्रसिह ठाकुर, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, कैलाश दशोरे व निगम अधिकारी व कर्मचारी बडी संख्या मे उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए, न कि सिर्फ आंकड़ों में - कलेक्टर

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री बालागुरू के. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं, विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, स्वास्थ्य संस्थाओं की स्थिति, दवाओं की उपलब्धता एवं जनस्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।




बैठक में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में हैं और इनमें किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी फील्ड विजिट करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई व्यक्ति स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में परेशान न हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं एवं शासन की योजनाओं का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए, न कि सिर्फ आंकड़ों में। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयों की सतत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने यह भी कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को मिशन मोड में संचालित किया जाए तथा अधिक से अधिक मरीजों की समय पर पहचान, जांच और उपचार सुनिश्चित किया जाए।

# अमलतास विश्वविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास-उज्जैन रोड स्थित अमलतास विश्वविद्यालय के प्रांगण में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया। राष्ट्रभक्ति के इस पावन पर्व पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश चौधरी क्षेत्रीय संगठन मंत्री, किसान मोर्चा थे। उन्होंने ध्वजारोहण के पश्चात छात्रों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र के छात्र होने के नाते भविष्य में भी आपको देश सेवा के प्रति समर्पित रहना चाहिए।

अमलतास नर्सिंग, पैरामेडिकल, फार्मेसी, होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। अमलतास विशेष विद्यालय के दिव्यांग बच्चों ने अपनी नृत्य कला से सबका मन मोह लिया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में भावनात्मक ऊर्जा का संचार किया।

कार्यक्रम का सबसे खास पहलू अमलतास नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के हितग्राहियों की भागीदारी रही। नशामुक्ति केंद्र के मरीजों ने देशभक्ति गीतों के जरिए आपसी एकता और प्रेम का संदेश दिया। प्रबंधन के मार्गदर्शन में इन हितग्राहियों ने राष्ट्रीय गीत, कविता और योग का प्रदर्शन किया। उनकी इस सकारात्मक ऊर्जा और प्रतिभा को देख वहां मौजूद डॉक्टर, स्टाफ और छात्र आश्चर्यचकित रह गए और सभी ने उनकी हौसला अफजाई की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. शरद चन्द्र वानखेड़े, डीन. ए.के. पिठवा , निदेशक डॉ. प्रशांत, रजिस्टार श्री संजय रामबोले, सभी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संगीता,डॉ. नीलम, डॉ. योगेन्द्र ,डॉ. अनिता , डॉ. स्नेहा एवं समस्त शैक्षणिक स्टाफ, डॉक्टर्स और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस पर लखपति दीदी थीम पर जिलों में हुआ झांकी प्रदर्शन

**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत 26 जनवरी 2026 को पहली बार लखपति दीदी थीम पर मिशन अंतर्गत विभिन्न जिलों में झांकी प्रदर्शित की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलों में आयोजित समारोहों में प्रदर्शित की गई इन झांकियों में अधिकांश जिलों को पुरस्कार मिले हैं। सीहोर में आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में लखपति दीदी थीम पर निकाली गई झांकी को तृतीय पुरस्कार मिला है।



उल्लेखनीय है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी आजीविका मिशन श्रीमती हर्षिका सिंह ने जिलों में प्रदर्शित होने बाली झांकियों में मिशन अंतर्गत लखपति दीदी थीम को शामिल करते हुए झांकी प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया था।

इसी क्रम में जिलों द्वारा झांकी प्रदर्शन किया गया- 38 जिलों द्वारा इसी विषय पर झांकी निकाली गई। इसमें से 10 जिलों ने प्रथम स्थान, 7 जिलों ने द्वितीय एवं 7 जिलों ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया है।

प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने बाले जिलों में खरगोन, सिंगरोली, पन्ना, ग्वालियर, कटनी, नीमच, सतना, मैहर, शहडोल एवं बालाघाट शामिल हैं। द्वितीय पुरस्कार रायसेन, उज्जैन, मुरैना, अलीराजपुर, झाबुआ, देवास एवं रतलाम जिले ने हासिल किया है। तृतीय पुरस्कार सीहोर, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, उमरिया, छतरपुर, इंदौर एवं हरदा जिले ने प्राप्त किया है।

# संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत परिवहन विभाग ने पॉलिटेक्निक कॉलेज में लगाया लायसेंस शिविर

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासन द्वारा समस्त विभागों में संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों /नगरीय निकायों / तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में लाभ पहुंचाने के लिए संकल्प से समाधान अभियान 31 मार्च 2026 तक चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत परिवहन विभाग की तीन सेवाओं को सम्मिलित किया गया है, जिनमें वाहन पंजीयन का नवीनीकरण, ड्रायविंग लायसेंस का नवीनीकरण तथा लर्निंग ड्रायविंग लायसेंस जारी करना है। संकल्प से समाधान अभियान के प्रथम चरण अन्तर्गत 15 फरवरी 2026 तक आवेदन प्राप्त करने की कार्यवाही की जा रही है।



जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती निशा चौहान ने बताया कि जिला परिवहन कार्यालय देवास द्वारा कार्यवाही करते हुए शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द एवं शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज देवास में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आवेदकों से चालक लर्निंग लायसेंस के लिए आवेदन प्राप्त लिए गये। शिविर के प्रति उपस्थित आवेदकों द्वारा खासा उत्साह देखा गया। आयोजित कैम्प में 55 छात्र-छात्राओं के चालक लायसेंस बनाए गए। कार्यालय द्वारा सतत रूप से देवास जिले की विभिन्न तहसीलों पर इस संबंध में शिविर दिनांक 15 फरवरी 2026 तक आयोजित किये जावेंगे, जिससे आम जनता को शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकेगा।

# अमलतास विशेष विद्यालय के बच्चों ने परेड ग्राउंड पर दी शानदार प्रस्तुति



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर अमलतास विशेष विद्यालय के बच्चों ने परेड ग्राउंड पर अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि देवास कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, इन विशेष बच्चों की प्रतिभा अद्वितीय है। उनकी मेहनत और लगन समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसके अलावा अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी बच्चों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने इस प्रस्तुति को शानदार बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मकता और समावेशिता का संदेश देते हैं। विद्यालय की प्राचार्या महोदय डॉ. भारती लाहोरिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने विशेष बच्चों की क्षमताओं को निखारने और समाज के सामने लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। अमलतास समूह के चेयरमैन महोदय द्वारा बताया की, ÷हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा अपने सपनों को साकार कर सके, और आज की प्रस्तुति इस दिशा में एक कदम है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों और उनके शिक्षकों को उनकी अद्भुत प्रस्तुति के लिए सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौसला बढ़ाया।

# ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर शिविर लगाकर किया गया 1040 बच्चों का टीकाकरण



**सीहोर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 27 जनवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 800 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 240 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

# शाजापुर में जमीन पर बिछी ओले की चादर

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शाजापुर जिले में मंगलवार को मौसम ने करवट बदली और सुबह से ही बादलों का डेरा जमा रहा. सुबह करीब 9 बजे हुई रिमझिम बारिश के बाद शाम होते-होते तेज आंधी के साथ जोरदार ओलावृष्टि हुई, जिससे सड़कों पर ओले की चादर बिछ गई. वहीं मौसम विभाग आगामी 24 घंटे में बारिश की संभावना जता रहा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।



मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे शाजापु में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई और उसी के साथ ओलावृष्टि भी हुई. अचानक ओले गिरने के कारण राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा. हर कोई ओलों की मार से बचने के लिए सुरक्षित स्थान तलाशता दिखाई दिया. करीब 10 मिनट की ओलावृष्टि के कारण सड़कों पर ओले की सफेद चादर बिछ गई. इसके पूर्व शाम करीब 4 बजे मोहन बड़ोदिया के बरनावद, निपानिया, मांगलिया, सागडिया और आरोलिया सहित कई गांवों में अचानक मौसम बिगड़ गया. तेज हवाओं के साथ यहां भारी ओले गिरे, जिससे सड़कें और खेत सफेद चादर की तरह नजर आने लगे. इस ओलावृष्टि की वजह से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई है. किसान अवधेश और नरेंद्र ने बताया कि इस बेमौसम मार से फसल उत्पादन पर बहुत बुरा असर पड़ेगा.

झमाझम बारिश की संभावना- शाजापुर जिला मुख्यालय पर सुबह से ही घने काले बादल छाए रहे. सुबह 9 बजे के आसपास हल्की बारिश हुई, जिससे हवा में ठंडक घुल गई।

# अवैध मदिरा संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही कर 18 प्रकरण दर्ज किए



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा 26 जनवरी को अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। कार्रवाई में संदिग्ध स्थानों एवं ढाबों होटलों पर सर्चिंग की गई। इस दौरान देवास शहर, बरोठा, नेवरी, सोनकच्छ एवं टोंकखुर्द आदि क्षेत्रों में कार्यवाही की गई। सर्चिंग में 315 पाव देशी मदिरा, 129 कैन बियर, 03 बोतल बियर एवं 60 पाव विदेशी मदिरा बरामद हुई। कार्यवाही में 18 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत दर्ज किए गए है। जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 36 हजार 945 रुपये है । इस दौरान दल में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे, निलेश पंवार, दिनेश भार्गव आबकारी उपनिरीक प्रेम यादव, आबकारी मुख्य आरक्षक दीपक धुरिया, राजाराम रायकवार, बालमुकुंद गौड़ आबकारी, सुरेंद्र, आशीष गुप्ता, निहाल खत्री, गोविंद, निकिता, अरविंद सम्मिलित थे। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# जिले में हर्षोल्लास से मना 77वां गणतंत्र दिवस, प्रभारी मंत्री ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में 77वें गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2026 के अवसर पर जिला मुख्यालय पर संपन्न हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री एवं शाजापुर जिला प्रभारी नारायन सिंह कुशवाह ने ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली।




जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउण्ड में संपन्न हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री कुशवाह ने 9 बजे ध्वज फहराया. इसके साथ ही राष्ट्रगान हुआ. इसके उपरांत मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कुशवाह ने परेड का निरीक्षण किया. मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री कुशवाह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का वाचन किया. संदेश वाचन के उपरांत परेड में शामिल जवानों द्वारा हर्ष फायर किया गया. इसके उपरांत परेड कमाण्डर सुबेदार सोन वर्मा के नेतृत्व में परेड ने आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन कर सलामी दी. इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने मार्च पास्ट में शामिल दलों के कमाण्डर्स से परिचय प्राप्त किया. साथ ही मुख्य अतिथि ने हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़े तथा स्वतंत्रता संग्राम तथा लोकतंत्र सैनानियों का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया. इसके उपरांत विद्यार्थियों ने मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी. विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने पीटी का प्रदर्शन किया. इस मौके पर विधायक अरुण भीमावद, डॉ. रवि पाण्डे, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, आशीष नागर, उमेश टेलर सहित जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थी. समारोह का संचालन ओपी विजयवर्गीय एवं श्रीमती रेखा पुरोहित ने किया।

विद्यार्थियों ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां- सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय सांदीपनि विद्यालय शाजापुर के विद्यार्थियों ने है नरसिंग यह रग रग में रग रग मै रे तूफान गीत पर आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया. शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि के विद्यार्थियों ने जय भारती वंदे भारती, सर पर हिमालय का छत्र गीत पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया. इटर्नल स्कूल ऑफ स्टडीज के विद्यार्थियों ने मन में भय की बूंदे ही न हो माथा ऊंचा लहरा, जागो मेरे देश जागो मेरे देश, एमजी कॉन्वेंट के विद्यार्थियों ने देश से है प्यार तो हर पल ये कहना चाहिए, में रहूं या ना रहूं भारत ये रहना चाहिए तथा विद्याकुंज स्कूल शाजापुर के विद्यार्थियों ने जय हो जय हो जय हो गीत पर सामूहिक प्रस्तुति दी. इसके उपरांत खेल विभाग के खिलाडियों ने रोप मलखम्ब, हेंगिंग मलखम्ब एवं पोल मलखम्ब पर विभिन्न मुद्राओं में योग का प्रदर्शन किया।

झांकियों का प्रदर्शन- गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित मुख्य समारोह में पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने क्षीराधारा ग्राम योजनांतर्गत गतिविधि, हिरण्यगर्भा अभियान गतिविधि, जिला शिक्षा अधिकारी ने भविष्य की शिक्षा एवं बुनियादी साक्षरता, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी ने पौष्टिक खाएंगे खूब पढ़ेंगे.आगे बढ़ेंगे, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग शाजापुर ने जैविक खेती-समृद्ध किसान, स्वस्थ भारत, उद्यान विभाग ने पॉलीहाउस / शेडनेट हाउस मॉडल में उन मूल्य की सब्जी फसलों की उन्नत खेती, जिला पंचायत शाजापुर ने एक बगिया मां के नाम लखपति दीदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने भूजल संरक्षण से हर घर जल, स्वास्थ्य विभाग ने एचआरपी, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य, वन विभाग ने बोमा ऑपरेशन, नगर पालिका शाजापुर ने स्वच्छ जल, राज राजेश्वरी माता मंदिर मॉडल पानी की टेस्टिंग एवं उद्योग विभाग ने औद्योगिक विकास थीम पर झांकियों का प्रदर्शन किया. इस दौरान यातायात पुलिस विभाग ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कराने एवं सड़क दुर्घटना से बचाव से संबंधित जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी।

पुरस्कारों का वितरण - गणतंत्र दिवस पर संपन्न हुए मुख्य समारोह में उत्कृष्ट परेड, उत्कृष्ट झांकियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया. उत्कृष्ट परेड प्रदर्शन के लिए समूह अ में जिला पुलिस बल को प्रथम, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा बल को द्वितीय एवं विशेष सशस्त्र पुलिस बल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसी तरह समूह ब में परेड में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय बीकेएसन महाविद्यालय शाजापुर सीनियर अंडर ऑफिसर एनसीसी सीनियर छात्रा दल को प्रथम, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय बीकेएसन महाविद्यालय शाजापुर सीनियर अंडर ऑफिसर एनसीसी सीनियर छात्र दल को द्वितीय तथा उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 शाजापुर एनसीसी जूनियर छात्र दल को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. इसी तरह समूह स में परेड में मा उमिया ज्ञानपीठ शाजापुर सीनियर रेडक्रॉस छात्रा दल को प्रथम, महिला एवं बाल विकास विभाग शाजापुर शौर्या दल को द्वितीय तथा स्काउट छात्र सीएम राइस स्कूल शाजापुर को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रदर्शन में सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय सांदीपनि विद्यालय शाजापुर को प्रथम, एमजी कॉन्वेंट शाजापुर को द्वितीय एवं शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

# मल्हार स्मृति मंदिर देवास में युवा संगम का आयोजन आज

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टीशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार संयुक्त ''युवा संगम'' का आयोजन आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक मल्हार स्मृति मंदिर देवास में आयोजित किया जा रहा है। जिले में युवा देवास जॉब पोर्टल पर पंजीयन कर युवा संगम में भाग लें। युवा संगम में विभिन्न कंपनियों द्वारा भाग लेकर जिले के युवाओ का रोजगार के लिए चयन किया जायेगा। युवा संगम आयोजन में शासकीय विभागों द्वारा युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और कैरियर काउन्सिलिंग की जानकारी भी दी जायेगी तथा युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा।

# पूर्व मंत्री दत्तीगांव को घोड़ी पर बिठाकर बैंडबाजों के साथ गांव में निकाला जुलूस

## टकरावदा में पट्टा वितरण के साथ ही लाखो रुपए के लोकार्पण व भुमिपूजन भी हुए

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भाजपा सरकार ने हर वर्ग की चिंता कर योजनाएं बनाकर लोगों के जीवन में खुशहाली लाने का काम किया है। शहर से लेकर गांव तक विकास की रफतार बढ़ी। क्षेत्र के गांव विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और देश का विकास ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़ा है। गांव तरक्की करेंगे तो ही देश आगे बढ़ेगा।

यह बात प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने गांव टकरावदा में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित भू पट्टा वितरण व विकास कार्यो के लोकार्पण व भुमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विक्रम पटेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील मोदी व महेश रावला, भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर मुकाती, ईश्वर कटारा, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी, जिला सहकार्यालय मंत्री अनामिका ठाकुर, जनपद सदस्य बाबूलाल गिरवाल, भाजपा के बिड़वाल मंडल अध्यक्ष संतोष ढोलकिया, मनीष गुर्जर, दिलीप सिंह सोलंकी,



नितिन सावंत, धर्मेंद्र राठौड़ आदि अतिथि रूप में मंचासीन थे। स्वागत भाषण ग्राम पंचायत उपसरपंच वीरेन्द्रसिंह पटेल ने दिया। ग्राम पंचायत सरपंच लालसिंह राणावत, सचिव सुरेश वैष्णव, उपसरपंच वीरेन्द्रसिंह पटेल, मुन्ना पटेल, सुंदरलाल पाटीदार, सुरेसिंह, विकास पाटीदार, कालूराम पाटीदार, राजाराम पाटीदार, दीपक पाटीदार, मुन्नालाल पाटीदार, मोहन सिंह डोडिया आदि ने अतिथियो का स्वागत किया।

पूर्व मंत्री दत्तीगांव ने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और देश का विकास ग्रामीण क्षेत्रों के विकास से जुड़ा है। ग्रामीण प्रगति के लिए सरकार गंभीरता से प्रतिबद्ध है। भैंसोला में विकसित हो रहा देश का पहला पीएम मित्रा पार्क व तिलगारा में बन रहा औद्योगिक पार्क क्षेत्र के विकास में ओर पंख लगाएंगे। हमारे बदनावर का नाम विश्व पटल पर चमकेगा। हम विकास के साथ ही रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियो ने भी संबोधित किया।

पूर्व मंत्री को घोड़ी पर बिठाकर निकाला जुलूस,- मंचीय कार्यक्रम के पहले ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री दत्तीगांव को बेंडबाजो के साथ घोड़ी पर बिठाकर धुमधाम से गांव में स्वागत जुलूस निकाला। जुलूस सुंदरलाल पाटीदार के निवास से शुरू हुआ। जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर निम चौक पहुंचा। बैंडबाजों के साथ घोड़ी पर सवार होकर निकले पूर्व मंत्री का गांव में पुष्पवर्षा कर जगह जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया।

इस मौके पर 230 हितग्राहियों को आवासीय पट्टे भी प्रदान किए गए। वही रामदेव मंदिर से चामुंडा माता मंदिर तक सीसी रोड व पाटीदार समाज धर्मशाला से मुक्तिधाम तक सीसी रोड निर्माण कार्य का भुमिपूजन किया गया। वही 19 लाख 62 हजार लॉगत से गांव के विभिन्न मोहल्ले में बने सिमेंट कांक्रीट सड़क व नाली निर्माण, 3 लाख 54 हजार लॉगत से तैयार हुए सामुदायिक स्वच्छता परिसर तथा वर्ष 2024-2025 में स्वीकृत हुए कुल 135 प्रधानमंत्री आवास के भी लोकार्पण किए गए। पूर्व मंत्री ने रामदेव मन्दिर जीर्णोद्धार के लिए अपनी ओर से 200 बोरी सीमेंट की दी। कार्यक्रम का संचालन बिड़वाल मंडल अध्यक्ष संतोष ढोलकिया ने किया। आभार सरपंच लालसिंह राणावत ने माना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद थे।

## बदनावर कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण किया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बदनावर कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर कंबल का वितरण करना अत्यंत मानवीय और आवश्यक सेवा है यह पहल बेसहारा लोगों को शीत लहर में सुरक्षा प्रदान करती है और समुदाय समाज में सहयोग की भावना को बढ़ावा देती है और इस कार्य को समाजसेवीयो को सामाजिक उत्तरदायित्व के रूप में किया जाना चाहिए जिससे झुग्गी बस्तियों और खुले में सो रहे हैं बेघर लोगों को ठंड से सुरक्षा मिल सके और समाज में सामान्य सेवा का भाव एक छोटे से प्रयास से मानवता के प्रति सच्ची सेवा का भाव जागृत हो ऐसे ही विचारों को अपने जहन में उतार कर जरूरतमंदों की समय-समय पर सेवा करने का संकल्प लेकर चलने वाली पारुल चौहान अपनी माता को लेकर ग्राम कंकराज व नगर के आसपास क्षेत्र में जरूरतमंद परिवार को इस शीत लहर में कंबल का वितरण कर अपने घरों में स्वच्छता एवं नशे से होने वाली गंभीर बीमारी व छोटी-छोटी बचत कर आय के स्त्रोत बढ़ाकर अपने परिवार की स्थिति मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया कंबल पा कर परिवार के लोग बहुत खुश हुए इस अवसर पर सोहेल शकील खान मित्र मंडल द्वारा भी 20 कंबल का वितरण किया व पुनीत कार्य के अवसर पर मित्र मंडल छात्र कुलदीप चौहान प्रियम शर्मा नैतिक बैरागी ने उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

# गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय पी. एम. श्री शा. उ. मा. वि. संदला में गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम अतिथिद्वय द्वारा राष्ट्रपिता महात्मागांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर महेन्द्रसिंह सिसोदिया (चाचुबना), लखन गुर्जर सरपंच ग्राम पंचायत संदला, गोवर्धन पारीदार उपसरपंच ग्रा.पं. संदला, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। झण्डावंदन महेन्द्रसिंह सिसोदिया (चाचुबना) ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। छात्र/छात्राओं द्वारा पी. टी. का प्रदर्शन सामूहिक रूप से किया गया। इसके पश्चात् छात्र/छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति को सभी के द्वारा काफी सराहा गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् पुरस्कार वितरण एवं मिठाई वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके पश्चात कक्षा 6 से 8 तक के छात्र/छात्राओं हेतु विशेष भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र, छात्राएं, पालकगण, और गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री लच्छीराम गोयल उ.भी.शि. ने किया, और आभार प्रदर्शन श्री प्रेमसिंह सिसोदिया उ.मा.शि. ने किया।

## गणतंत्र दिवस पर मेधावी छात्रा स्नेहा पाटीदार को सरपंच योगेश मुकाती ने स्कूटी भेंट कर सम्मानित किया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम पंचायत खेड़ा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस सरपंच योगेश मुकाती ने किया ध्वजारोहण। मेधावी छात्रा स्नेहा पाटीदार को युवा सरपंच योगेश मुकाती ने अपने निजी राशि से स्कूटी भेंट की गई इस पहल से गांव में खुशी का माहौल है। वहीं माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और देश के अमर शहीदों को नमन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत खेड़ा के माध्यमिक विद्यालय में भी गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया,जहां छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण रहीं कक्षा दसवीं की छात्रा स्नेहा पाटीदार जिन्होंने स्कूल में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर ग्राम का नाम रोशन किया।छात्रा की इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत खेड़ा के सरपंच योगेश मुकाती द्वारा स्नेहा पाटीदार को प्रशंसी पत्र के साथ स्कूटी प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षक स्टाफ, छात्र-छात्राएं और क्षेत्र की बड़ी संख्या में जनता मौजूद रही। पूरा वातावरण देशभक्तिमय जो गया। कार्यक्रम पश्चात मिठाई वितरण की गई।

# बेजनाथ महादेव ग्रुप द्वारा प्रकाषित कैलेंडर का विमोचन गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में किया गया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेजनाथ महादेव ग्रुप द्वारा प्रकाशित केलेन्डर का विमोचन गणतंत्र दिवस पर नंदराम चौपडा विधालय परिसर में आयोजित समारोह में किया गया। समारोह में त्रिकाल दर्शी श्री रामलला सरकार की मौजूदगी मे मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष श्रीमती मीना शेखर यादव थें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी प्रियंका मिमरोट ने की। समारोह में सीएमओ लालसिंह राठौर, शेखर यादव, भारतीय पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष धमेन्द्र अग्निहोत्री, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीश गुर्जर, नपं उपाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह पंवार, नपं पार्षद भारती राठौड, साजिद खान, जितेन्द्र शर्मा, महिपालसिंह पंवार, जगदीश पाटीदार, अनिता संतोष चैहान, अनिता दीपक जाधव, झन्नुबाई शांतिलाल सिर्वी, भगवंताबाई शंकरलाल राव, सुखराम देवदा, बबीता चेतन नागल, सुखराम देवदा, चेनाबाई भेरुलाल डावर, विवेक पाटीदार, नरेन्द्र राठोड, संतोश राव, सांदीपनी विधालय प्राचार्य रियाज शेख, वरिश्ठ पत्रकार दिलीपसिंह चैहान, एआइजे प्रदेश प्रभारी भूपेन्द्रसिंह जादव, पुरुषोतम शर्मा, विनय पाटीदार, गोपाल पाटीदार, प्रवीण चावला, राकेशसिंह चैहान नवीन चैहान, पवन चावला, सचित बाहेती सहीत जनप्रतिनिधि विशेष रुप से मौजूद थे।

केलेन्डर संबंधी जानकारी देते हुए पत्रकार महेश पाटीदार ने बताया कि नववर्श के केलेंडर में त्यौहार व अन्य आवश्यक जानकारी उपलब्ध है। साथ ही भारतीय संस्कृति की गतिविधियों का समावेश एवं तिथि व पंचाग संबंधी जानकारियों को संग्रहित किया गया है। अग्रेजी वर्श के 12 महिनों का संग्रहण भी किया गया।

केलेंडर विमोचन समारोह में नगर मे संचालित विधालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिकगण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रदीप पांडे ने किया।

## बदनावर में निकली विशाल तिरंगा यात्रा



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में हर बार की तरह इस बार भी बड़ी धूमधाम से तिरंगा यात्रा बदनावर शहर में निकली, यात्रा में एक गंभीर बिमारी से जुझ रही जिसको 9 करोड़ का इंजेक्शन लगना है इंदौर की अनिका शर्मा के हेल्प वाले पोस्टर भी दिखे यात्रा बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर से अंबेडकर चौराहा सैफी चौराहा व अनेक विभिन्न मार्गो से होते हुए यात्रा नए बस स्टैंड भेरूउखलिया पर पहुंची जहां पर राणा पूजा भील की मूर्ति पर सभी ने माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया यात्रा संयोजक कृष्णा पवार, ठाकुर राजा ने बताया कि यात्रा का यहां आठवां वर्ष था हर साल युवाओं में अलग जगाने के लिए देशभक्ति गीत के साथ भारत माता के जयकारों के साथ यात्रा हर साल निकलते हैं यात्रा में हजारों लोग थे जो भारत माता की जय किनारे लग रहे थे यात्रा में आए सभी का भार धीरज चौहान कनवासा ने किया।

# जिले में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह

**सीहोर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह का आयोजन सीहोर के पुलिस परेड ग्राउंड पर हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने खुली सुसज्जित जिप्सी में सवार होकर पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार शुक्ला के साथ परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस मौके पर मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जनता के नाम संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुक्त आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने



सभी परेड कमांडरो से परिचय प्राप्त किया।

समारोह में कलेक्टर श्री बालागुरू के. द्वारा लोकतंत्र तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को शाल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसके बाद मध्यप्रदेश गान का गायन हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गई। कार्यक्रम के अंत में परेड, झॉकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने लोकतंत्र सेनानियों श्री स्वर्गीय श्री दरियाव सिंह, स्वर्गीय श्री लीलाधर मिश्रा, स्वर्गीय श्री अनोखीलाल दांगी के परिजनों तथा लोकतंत्र सेनानी श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल को शासन द्वारा प्रेषित ताम्रपत्र प्रदान कर शाल श्रीफल से सम्मानित किया। इसके साथ ही जो लोकतंत्र सेनानी या उनके परिजन किसी कारणवश कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित नहीं हो सके उन्हें संबंधित तहसीलदार एवं अधिकारियों द्वारा घर पहुंचकर सम्मानित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने देहदान करने वाले नागरिकों के परिजनों को सम्मानित किया। उन्होंने मरणोपरांत देहदान करने वाले बुधनी निवासी स्वर्गीय श्री गिरीश की पत्नि श्रीमती गीता देवी और भैरूंदा निवासी स्वर्गीय श्रीमती सेवती बाई के पुत्र श्री गणेश यादव को सम्मानित किया।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान ने डबरा एसडीएम कार्यालय में की जल व जन-सुनवाई

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये प्रति मंगलवार को आयोजित जन-सुनवाई एवं जल-सुनवाई के क्रम में कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने इस बार डबरा एसडीएम कार्यालय में जल-सुनवाई एवं जन-सुनवाई की। उन्होंने जन-सुनवाई में आई शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। डबरा में एक आवेदक ने बताया कि उसके बेटे की मार्कशीट में नाम करेक्शन की समस्या आ रही है। इस पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने तत्काल फोन कर



समस्या के निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व संबंधित शिकायतों के निराकरण के लिये राजस्व अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर डबरा एसडीएम श्री रूपेश सिंघई सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा है कि डबरा क्षेत्र में कहीं भी गंदा पानी आने की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। अगर कहीं पर गंदा पानी आने की शिकायत मिलती है तो तत्काल उस समस्या का निराकरण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते। जन-सुनवाई के दौरान सबसे अधिक शिकायतें नालों पर अतिक्रमण एवं खेत की मेडों पर अतिक्रमण की आईं। कलेक्टर ने सभी शिकायतों के निराकरण के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को ग्वालियर कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जन-सुनवाई में भी 71 आवेदनों में से 35 आवेदन दर्ज किए गए। शेष 36 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

## डबरा में नवनिर्मित नवग्रह मंदिर के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने किया निरीक्षण

**ग्वालियर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** डबरा में निर्मित हुए अचंल के सबसे बडे नवग्रह मंदिर का उदघाटन फरवरी माह में होना प्रस्तावित है। नवग्रह मंदिर के उदघाटन के पूर्व व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने निरीक्षण किया। इस मौके पर एडीएम श्री सी बी प्रसाद, डबरा एसडीएम श्री रूपेश सिंघई एवं श्री कौशल शर्मा, श्री सुकरण मिश्रा, श्री वीरेन्द्र जैन, श्री बंटी गौतम, श्री रामेश्वर तिवारी, श्री बृजमोहन परिहार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने नवग्रह मंदिर प्रांगण का निरीक्षण करते हुए प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही पार्किंग व्यवस्था, कानून व्यवस्था एवं अतिविशिष्ट व्यक्तियों के आगमन को लेकर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा एवं परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रागंण में बने पार्किंग एरिया को देखा। उन्होंने कहा कि इस बात ध्यान रखा जाए कि किसी भी स्थिति में जाम आदि की समस्या नहीं हो। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पार्किंग स्थल पर ही पार्क कराया जाए।

# भारत माता की जय के नारों से गुंजा एक शाम देश के नाम कार्यक्रम

## जैन सोश्यल ग्रुप नागदा द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

**नागदा/ अनुज नाहर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम एव सचिव प्रशांत नाहर के नेतृत्व में महिदपुर रोड़ स्थित ज्योति रिसोर्ट में 25 जनवरी की शाम को देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम एक शाम देश के नाम आयोजित कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया

कार्यक्रम के संयोजक चन्द्रप्रकाश कांठेंड, राकेश ओरा (नुतन स्कुल) एवं नीरज जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर जैन सोश्यल ग्रुप नागदा द्वारा देश भक्ति पर आधारित भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ । इस आयोजन के मुख्य अतिथि ग्रामीण भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, वरिष्ठ समाजसेवी रवि कांठेड , जैन सोश्यल ग्रुप मध्यप्रदेश रीजन के उपाध्यक्ष शरद जैन सहित उपस्थित सदस्यो के कर कमलों से शहीद परिवारों एवं सैनिकों का सम्मान किया गया । वहीं दूसरी ओर बच्चों, महिलाओं एवं बड़ों के द्वारा देशभक्ति से परिपूर्ण नृत्य, गीत, कविता आदि की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की गई ।



ग्रुप अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम एवं सचिव प्रशांत नाहर के अनुसार जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा सामाजिक एवं धार्मिक भावना के साथ साथ देश के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह करते हुए यह आयोजन किया गया ।

इनका का भी हुआ सम्मान - जैन सोश्यल ग्रुप नागदा के पूर्व अध्यक्ष श्रेणीक बम को जैन सोश्यल ग्रुप मध्यप्रदेश रीजन में संस्कार निर्माण कमेटी कन्वीनर के पद पर मनोनित होने पर ग्रुप सदस्यों द्वारा सम्मान किया गया एवं ब्राह्मी बहु मण्डल एवं आदर्श श्राविका मण्डल के नवीन अध्यक्ष एवं सचिव के मनोनयन पर जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा सम्मान किया गया । कार्यक्रम के पूर्व हाऊजी एवं अनेक मनोरंजन खेलों के माध्यम से आयोजन को रोचक बनाया गया ।कार्यक्रम का संचालन श्रेष्ठ मंच संचालक अरविंद नाहर ने किया एवं आभार ग्रुप सचिव प्रशांत नाहर ने माना ।

यह रहे उपस्थित - राजेन्द्र कांठेड़, एस एम सिसौदिया , सुभाष बाफना, कमल जैन, श्रेणिक बम, निलेश चौधरी, मुकेश धोका,सुरेन्द्र कांकरिया, राजेश सकलेचा, हितेष कांठेड़, अमित बम, रवि संघवी, राजा कर्नावट, सिद्धार्थ कांठेड़ ,सुरेश नाहटा, आशीष पोखरना, डॉ विपिन वागरेचा, ब्रजेश बोहरा, कुशल भंसाली,पंकज पावेचा, साधना जैन, मनीषा गांग, डॉ नितिशा वागरेचा, शर्मिला बंम, प्रतिभा ओरा, अतिका चपलोत, दीपक गांग, मनोज गांग ,सचिन सकलेचा, संदीप चपलोत, अर्पित सिसौदिया आदि अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया ।

# संगठनात्मक बैठक संपन्न, आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्य योजना तय

## भारतीय पत्रकार संघ प्रदेश अध्यक्ष एवं सचिव रहे मौजूद

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विक्रम जी सेन के निर्देशानुसार आगामी 1 फरवरी 2026 को अभ्युदय यूनिवर्सिटी,खरगोन में होने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सम्मान एवं कल्याण महोत्सव की तैयारियों को लेकर आज धार जिला मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र जी अग्निहोत्री, प्रदेश सचिव श्री राकेश सिंह जी, के नेतृत्व मे संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई ! जिसमे आगामी कार्यक्रमों को भव्य रूप देने हेतु पदाधिकारियों ने अपने सुझाव रखे।



संगठन नही परिवार है- प्रदेश अध्यक्ष- बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्री धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने अपने संबोधन मे बताया की भारतीय पत्रकार संघ न केवल संगठन है बल्कि प्रत्येक पत्रकार का अपना परिवार है परिवार मे सभी सदस्यों को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना है।

सदस्यता अभियान हमारा प्रमुख लक्ष्य - श्री चौहान- परिचर्चा मे प्रदेश सचिव श्री राकेश जी चौहान ने अपने व्यक्तव्य मे बताया की अभी वर्तमान मे भारतीय पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान भी चल रहा है, जिसमे सभी पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या मे सदस्य जोड़े और नवीन सदस्यों को संगठन की रीति नीति परिपाटी से अवगत कराए।

उक्त संगठनात्मक बैठक मे प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र जी अग्निहोत्री, प्रदेश सचिव राकेश सिंह जी, प्रदेश संयोजक राकेश साहू, संभाग उपाध्यक्ष मनीष जैन, जिला अध्यक्ष सुरेश तिवारी, कमल सिंह सोलंकी, रफी उद्दीन कारी,चयन राठौड़, धर्मेंद्र राठौड़, साबिर खान अजय नलवाया सहित अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# नन्द घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ हुआ कृष्ण जन्मोत्सव

## श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस गोकुल, वृन्दावन और जनकपुरी बना कथा पांडाल



**उन्हेल/ निर्मल आर सोलंकी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रीमद्भागवत कथा समिति द्वारा सुप्रसिद्ध अन्तराष्ट्रीय कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य श्रीगोरांगी गौरी जी महाराज के मुखारबिंद से स्थानीय नया बसस्टेंड स्थित मैदान में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस का विशेष आकर्षण प्रभु श्रीकृष्ण जन्मोत्सव रहा पीले वस्त्र धारण कर हजारो की संख्या में कथा पांडाल में कथा का रसपान करने धर्मप्रेमी जनमानस के साथ छोटे छोटे बच्चे कान्हा और राधा का रूप धारण कर माहोल वृन्दावन जैसा बना दिया बड़ी धूमधाम से आनंदित होकर श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया द्य चतुर्थ दिवस की कथा के वाचन में भागवत कथा की शुरुआत भागवत आरती और विश्व शांति के लिए प्रार्थना के साथ की गई।

उन्होंने बताया कि - ÷ जब हम भगवान का गुणगान सुनते हैं, उनके विषय मे जानते हैं तथा उनकी सेवा करते हैं तो हमे उनसे प्रेम होने लगता है और समय के साथ ये प्रेम प्रगाढ़ होता जाता है। जैसे आप अन्य कामों को प्राथमिकता देते हैं वैसे ही प्रभु की भक्ति का भी नियम बनाएं जैसे 5 माला करना है, हनुमान चालीसा का पाठ करना है, सूर्य देव को जल देना है इत्यादि। भगवान को नियम अत्यधिक प्रिय है। किसी भी परिस्थिति में ईश्वर को याद करें और सदैव शिकायत की बजाय जो प्राप्त है उनसे लिए उनका आभार व्यक्त करें। ये सत्य है कि ईश्वर से ही मांगना चाहिए क्योंकि वही हमें सबकुछ दे सकते हैं लेकिन सदैव उनसे माँगने नहीं कभी कभी उनसे मिलने भी जाएं।÷

भोजन, भजन, संपत्ति और नारी प्रेमी, मित्रता, कहते हैं छिपा करके करना चाहिए, मत बताइए वरना उसको भी नजर लग जाए किसी से आपको बहुत प्रेम है किसी से बहुत अच्छी मित्रता चल रही है आपकी यकीन मानिए अगर लोगों को पता चल जाएगा उस प्रेम में भी नजर लग ही जाएगी इसलिए ये सब छिपाने की आवश्यकता है दिखावे की भक्ति से सावधान भगवान सब जानते हैं आप कितना नाटक कर रहे हैं। लोग इतने दिखावटी हो गए बाहर कुछ और, भीतर कुछ और, मंदिर में जाकर के भगवान के सामने कहते हैं, भगवान बड़े कपटी हैं, बड़े पापी हैं, बहुत अधम हैं और मंदिर के गेट पर कोई सुन रहा हो, और जैसे ही आप बाहर निकलें, आप से कहें और पापी जी क्या हाल-चाल है, और कपटी जी आप ठीक हैं, भगवान के मंदिर में आठ बजे सो के उठ के जाओ, या दस बजे जाओ या बारह बजे जाओ, बिना स्नान किए जाओ या स्नान किए जाओ, भगवान ऑब्जेक्शन नहीं करते द्य आप अगर जीवन में जो चाहते हैं नहीं कर पा रहे हैं तो सिर्फ आस-पास कहीं भी मंदिर होना मंदिर में जा करके जब भी आपको समय मिले झाड़ू लगा लिया करिए आपको कहीं भी भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी बस श्रद्धा और विश्वास निष्ठा के साथ साथ आप किसी भी मंदिर में किसी भी भगवान को सेवा में लग जाएँ भगवान सेवा से बड़े प्रसन्न होते हैं किसी धार्मिक आयोजन में किसी कथा में किसी अनुष्ठान में किसी यज्ञ में कई बार आत्मा ऐसा लगता है कि हमारे पास तो धन है ही नहीं हम दें कैसे तो ऐसा नहीं कि सिर्फ धन से ही सेवा होती है परिश्रम भी आप कर सकते हैं उस यज्ञ में उस अनुष्ठान में जाकर के आप जो भी जिस प्रकार से अपने साथा दे सकें सेवा दे सकें निश्चित रूप से सेवा सबसे बड़ा धर्म है साथ ही मृत्यू को लेकर कहा की जब जिसका लिखा होगा तभी मरेगा। एक क्षण भी इधर-उधर नहीं हो सकता है। इसलिए कहते हैं कि भजन करें। कल के लिए कुछ भी न टाला जाएगा, कल लगाने क्या होने वाला है, कल किसने देखना है। जो करना है, अभी करिए और इसी क्षण करिए। भगवान ने इतना सुंदर शरीर हमें आपको दिया हुआ है, इस शरीर को सार्थक बनाएं।

श्रीमद भागवत इस संसार में किसी भी बड़े से बड़े पाप का नाश करने में सक्षम है। इस संसार में ऐसा कोई पाप नहीं बना जिसका नाश जिसका वध श्रीमद भागवत न कर सकी हो शर्त उतनी है उस पाप की पुनरावृत्ति न हो। जितने भी युवा जीवन में सफलता चाहते हैं तो आप सभी को अपने सनातन धर्म का आदर करना आना चाहिए। हम और आप सभी धर्म का आदर करेंगे तभी हमारे आने वाले बच्चे हमारी परम्पराओं से अवगत होंगे और वो इस परम्परा पर चल सकेंगे। श्रीमद भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए तो उसका कल्याण निश्चित है। श्रीमद भागवत में 18000 श्लोक, 12 स्कन्द और 335 अध्याय है जो जीव सात दिन में सम्पूर्ण भागवत का श्रवण करेगा वो अवश्य ही मनोवांछित फल की प्राप्ति करता है द्य आगे की कथा का वाचन करते हुए दीदीजी ने भगवान के अवतारों की लीला का श्रवण पान कराया जिसमें राम जी का अवतरण, भरत जी की कथा व आगे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का वृतांत सुनाया।भक्त और परमात्मा के बीच केवल अभिमान का पर्दा है। हर मुसीबत के पूर्व परमात्मा आपको सावधान करते है, सूचित अवश्य करते हैं लेकिन आपका अभिमान सुनता कहा है। अपने अहम को त्यागने का प्रयास करो और अपनी भक्ति में लीन हो जाओ परमात्मा स्वयं आप को दर्शन देंगे। साथ ही अद्भुत झांकियों के माध्यम से श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन का पूण्य लाभ प्राप्त किया ।

दीदीजी ने बताया कि स्वर्ग और नरक कहीं अन्य नहीं है बल्कि ये हमारे भीतर विद्यमान हैं। हम जब चाहे जीवन को स्वर्ग और नर्क बना सकते हैं केवल विचारों के परिवर्तन द्वारा। आपके पास जो हैं उसमें प्रसन्न रहना सीखें और किसी से द्वेष , ईर्ष्या इत्यादि न करें जिससे आप प्रसन्न रहेंगे। आज का मानव अपने दुःख से नहीं अपितु दूसरों के सुख से दुःखी है। ये सब छोड़कर भगवान में मन को लगाएं और अपने जीवन को उद्देश्य को समझने का प्रयास करें।जो भगवान को प्रिय हो वही करो, हमेशा भगवान से मिलने का उद्देश्य बना लो, जो प्रभु का मार्ग हो उसे अपना लो, इस संसार में जन्म-मरण से मुक्ति भगवान की कथा ही दिला सकती है। भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है ।

श्रीमद भागवत कथा में रविवार को श्री राम कथा का समायोजन करते हुवे बताया की प्रभु श्री राम और प्रभु श्री कृष्ण में सबकुछ समान है सिर्फ एक ही अंतर है वह है नयन का एक के नयन गंभीर है और दुसरे के नयन चंचल है चपल है एक में मर्यादा है तो दुसरे में चंचलता है, श्रीमद भागवत कथा का श्रवण हमेशा करना चाहिए इसके एक एक शब्द की रचना ठाकुरजी ने ही की है, जिस प्रकार बचपन में चित्र देखकर हम पहचानकर अक्षर पढ़ना सीखते हैं और बाद में हैं बिना चित्र के ही अक्षर पहचान लेते हैं ठीक उसी प्रकार ईश्वर की सगुण उपासना से हम परमब्रह्म की पहचान स्वतः ही कर पाते हैं। सगुण उपासना से प्रभु के प्रति प्रेम व भाव अत्यंत प्रबल हो जाते हैं गुरु की महिमा अपरंपार है। संसार में केवल गुरु ही जो ईश्वर से आपका मिलन करा सकते हैं। इसलिए शिष्य का भाव सदैव गुरु के चरणों में होना चाहिए द्य कथा में मंगलवार को गजेन्द्र मोक्ष का प्रसंग, श्री वामन अवतार रामकथा एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव विशेष रहा द्य व्यास पीठ जी की आरती का लाभ जैन श्वेताम्बर मू.पू. संघ के ट्रस्टीगण, कालका माता महिला मंडल, बैरागी समाज मंडल, प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी, आशीष जैन मित्र मंडल नागदा, ने लिया द्य समिति द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव में माखन मिश्री की प्रसादी का वितरण किया द्य बुधवार को कथा में नन्द महोत्सव, श्रीकृष्ण बाललीला, एवं गोवर्धन पूजन के साथ को 21 कन्याओं के विवाह समारोह के कार्यक्रम प्रातः 9 बजे स्थानीय कार्तिक चौक से श्री गणेश पूजन एवं माताजी पूजन, शाम को कथा पांडाल में मंडप, सांय 7 बजे मेहंदी तथा रात्री 8 बजे महिला संगीत का आयोजन होगा।

## समीपस्थ ग्राम अमोदिया स्थित वर्थिंगटन इंटरनेशनल स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह बढ़ी धूमधाम से मनाया गया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कार्यक्रम के मुख्य स्थति विद्यालय के विगत वर्ष के कक्षा 12 के मेधावी (टॉपर्स) बच्चे एवं उनके पालक थे। जिसमे तनीषा जितेंद्र जी पाटीदार , तनीषा रवि जी पाटीदार एवं हिमांशी एवं उनके पालक मौजूद रहे । बढ़ी संख्या में पालकों और ग्रामवासियों की उपस्थिति में झंडावंदन एवं अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई जिसमें नन्हे बच्चों की प्रस्तुति से लगाकर बढ़े बच्चों द्वारा पिरामिड बनाने की कला को प्रस्तुत किया गया । सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत थे । वीर संभाजी भोंसले पर आधारित एक्ट भी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा । कार्यक्रम के दौरान स्काउट एंड गाइड यूनिट के प्रवेश सत्र पूरा होने पर प्रशस्ति समारोह का आयोजन भी हुआ जिसमे बैज़ लगाकर स्काउट गाइड के बच्चों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में संस्था के निदेशक मनदीप पाटीदार , राकेश पटेल , आनंद पटेल एवं प्राचार्य प्रशांत पाटीदार व अन्य सभी शिक्षक साथी उपस्थित थे ।

## पत्रकार मेवाड़ा का श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट ने किया सम्मान



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट इकाई अकोदिया एवं जिला इकाई शाजापुर द्वारा सोमवार को क्षेत्र के युवा पत्रकार श्याम प्रेमी अमर सिंह मेवाडा का जन्म दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया होटल मधुरम पर आयोजित स्वागत सम्मान समारोह के अवसर पर ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार गेहलोत प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राम नारायण कुशवाह द्वारा मेवाड़ा का शाल श्रीफल बाबा श्याम का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया गया एवं समय-समय पर संस्था को दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर रोशन मेवाड़ा शरद जैन सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

## जादौन राष्ट्रीय संगठन सचिव मनोनीत

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश शासन द्वारा अधिमान्य पत्रकार ठाकुर भूपेंद्र सिंह जादौन बदनावर को भारतीय पत्रकार संघ में राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं मध्य प्रदेश राज्य का प्रभारी मनोनीत किया गया है। श्री जादौन की यह नियुक्ति भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन के निर्देश व भारतीय पत्रकार संघ मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री की सहमति से भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मनोहर मंडलोई द्वारा की गई है। श्री जादौन की इस नियुक्ति पर स्वतंत्र प्रेस क्लब बदनावर, ग्रामीण पत्रकार संघ बदनावर, राजपूत युवा संगठन बदनावर, बदनावर के स्थानीय पत्रकारो सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने पुष्पमाला पहनाकर श्री जादौन को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं भारतीय पत्रकार संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारीयो का आभार माना।

## शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़वानी में करियर मेले का सफल शुभारंभ

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** छात्राओं को भविष्य की राह दिखाने और विभिन्न क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से शासकीय कन्या हाई स्कूल बड़वानी में एक दिवसीय करियर मेले का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना पुरोहित थीं। छात्राओं को दिया सफलता का मंत्र विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रचना पुरोहित ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे में सही समय पर सही करियर का चुनाव करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को अपनी रुचि और कौशल को पहचानने के लिए प्रेरित किया। मेले की मुख्य विशेषताएं विविध करियर स्टॉल्स मेले में शिक्षा, रक्षा, बैंकिंग, नर्सिंग, कला और तकनीकी क्षेत्रों से संबंधित जानकारी दी गई।

## बोर्ड परीक्षा को त्यौहार की तरह मनाने का संदेश देता संगीतमय गीत हुआ जारी

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जनजातीय कार्य विभाग की संस्था शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवती द्वारा विद्यार्थियों में बोर्ड परीक्षा के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक संगीतमय प्रस्तुति का निर्माण किया गया है। यह गीत विद्यार्थियों को यह संदेश देता है कि परीक्षा कोई भय का विषय नहीं, बल्कि उत्सव और आत्मविश्वास के साथ मनाने योग्य अवसर है। यह संगीतमय गीत विशेष रूप से कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उन विद्यार्थियों को संबोधित करता है, जो बोर्ड परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर तनाव और असमंजस की स्थिति में रहते हैं। गीत में परीक्षा से पूर्व की तैयारी, समय प्रबंधन, अनुशासन, ईमानदारी, नकल से दूरी, शांत मन से प्रश्नपत्र हल करने तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी के सहायक आयुक्त श्री जेएस डामोर के मार्गदर्शन में निर्मित इस गीत के बोल विद्यालय के शिक्षकों द्वारा रचे गए हैं, जिन्हें कक्षा 9वीं के विद्यार्थी अर्जुन सस्ते ने पूरे आत्मविश्वास और भावपूर्ण हाव-भाव के साथ स्वरबद्ध कर प्रस्तुत किया है। गीत में विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं की जानकारी भी दी गई है, जिसमें 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर लैपटॉप तथा विद्यालय के एक बालक और एक बालिका टॉपर को स्कूटी प्रदान किए जाने का उल्लेख है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिलती है। संस्था के प्राचार्य श्री असलम खान ने बताया कि यह गीत विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में भावनात्मक सहयोग प्रदान करेगा और उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करेगा। यह पहल न केवल परीक्षा तनाव को कम करने में सहायक है, बल्कि विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और लक्ष्य के प्रति सजग रहने का प्रभावी संदेश भी देती है।

## करियर काउंसलिंग सत्रों की शुरुआत

**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवती में समग्र शिक्षा अभियान, सेकेंडरी एजुकेशन, लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार 5 दिवसीय करियर मेला एवं करियर काउंसलिंग का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य श्री असलम खान ने बताया कि शाला में कैरियर मेला और करियर काउंसलिंग का पांच दिवसीय आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रतिदिन की गतिविधियां संचालित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक, व्यवसायिक, कौशल आधारित गतिविधियों से अवगत कराना है साथ ही यूनिसेफ द्वारा वेबीनार के माध्यम से जीवन कौशल, करियर योजना, करियर कार्ड और भविष्य की तैयारी पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। करियर काउंसलर श्री शफीक शेख ने बताया कि कैरियर मार्गदर्शन के प्रथम दिवस के अंतर्गत करियर मेले का उद्घाटन किया गया जिसमें संस्था के प्राचार्य श्री असलम खान, श्री प्रमोद कुमार पटेल, श्री महेश शिंदे, श्री अनीश खान आदि द्वारा शैक्षणिक संकायों की जानकारी प्रदान की गई श्री प्रमोद पटेल ने अपने उद्बोधन में लोक सेवा आयोग के अंतर्गत आयोजित होने वाली परीक्षाओं और आगे की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी।

# गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजवाड़ा चौक पर भारत पर्व का भव्य आयोजन

## शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2026 की संध्या को लोकतंत्र के लोक उत्सव ÷भारत पर्व÷ का आयोजन राजवाड़ा चौक झाबुआ में सायं 6 बजे किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जितेन्द्रसिंह चौहान, अपर कलेक्टर श्री सी.एस. सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री आशीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रतिपाल सिंह महोबिया तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व झाबुआ श्री भास्कर गाचले द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

भारत पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत कवियों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं का पाठ किया गया। साथ ही जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के अंतर्गत भारत के संविधान एवं संविधान निर्माताओं पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई तथा पुलिस बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रीतिका पाटीदार, डिप्टी कलेक्टर सुश्री वैशाली सोलंकी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती सुप्रिया बिसेन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार बंधु, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# जिला क्लासिक सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का सफल आयोजन




**बडवानी/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर के खिलाड़ियों ने जिला स्तरीय क्लासिक सीनियर पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में विभिन्न वजन वर्गों में पुरुषों के साथ महिला खिलाड़ियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर कड़ी प्रतिस्पर्धा पेश की। चैंपियनशिप का आयोजन 25 जनवरी को सरलम वाटिका में फिटवेल जिम द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग को जिले में नई पहचान दिलाने वाले जिम संचालक मनीष गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में जिलेभर से 60 से अधिक खिलाड़ियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे 59 किलोग्राम वर्ग में संदीप वर्मा प्रथम, शोभाराम डोडवे द्वितीय व करण बडोले तृतीय रहे। 66 किलोग्राम वर्ग में हर्षित शर्मा ने प्रथम, अजय मुजाल्दे ने द्वितीय तथा अल्ताफ शेख ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 74 किलोग्राम वर्ग में देवा सोलंकी प्रथम व संजू कारपेंटर द्वितीय रहे। 83 किलोग्राम वर्ग में वसीम खान प्रथम, यश डोडवे द्वितीय व कुंदन चौहान तृतीय स्थान पर रहे। 93 किलोग्राम वर्ग में हसन अली प्रथम, युग गायकवाड द्वितीय व सावेज़ अली तृतीय रहे, जबकि 105 किलोग्राम वर्ग में राजू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 120 प्लस किलोग्राम वजन वर्ग में सुदर्शन तिवारी ने स्क्वॉट 275 किलोग्राम, बेंच प्रेस 170 किलोग्राम एवं डेडलिफ्ट 285 किलोग्राम सहित कुल 730 किलोग्राम भार उठाकर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के सभी विजेता खिलाड़ी आगामी 13 व 14 फरवरी को सीहोर में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में बड़वानी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका इंदौर से आए नेशनल रेफरी दिलीप भूरिया, मनीष लश्करी एवं कैलाश जोशी ने निभाई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन पावरलिफ्टर श्रीमती सुनीता काग ने किया ।

## संकल्प से समाधान अभियान के तहत नागरिकों से ले रहे हैं आवेदन

**खण्डवा/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में इन दिनों संकल्प से समाधान अभियान प्रारम्भ किया गया है।

कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले की ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में नागरिकों से सम्पर्क कर आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं।

आवेदनों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत आयोजित शिविरों में अभी तक जिले में कुल 15,500 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बताया कि संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण आगामी 15 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा। प्रथम चरण में आवेदन प्राप्त कर द्वितीय चरण में इनका निराकरण किया जाएगा। द्वितीय चरण 16 फरवरी, से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक जारी रहेगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड स्तर के दलों में शामिल अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि शिविरों के अलावा घर घर जाकर भी आवेदन प्राप्त करें। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवेदन संकलन की गति बढ़ाने के निर्देश भी दिए हैं।

# अवैध गोवंश वध एवं वन भूमि अतिक्रमण प्रकरण में प्रशासन की सख्त एवं निरंतर कार्यवाही



**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को थाना मेघनगर के ग्राम सजेली नान्यासाथ में फॉरेस्ट की बीट क्रमांक 75 के जंगल में गोवंश वध के आरोपियों के विरुद्ध थाना मेघनगर पर अपराध क्रमांक 287/06.12.2025, गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 9, आयुध अधिनियम 1959 (संशोधन 2019) की धारा 25 (1) (बी) का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान कुल 23 आरोपी बनाए गए, जिसमें से 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एवं सभी शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रत्येक आरोपी पर 10,000/- रुपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई है। वन विभाग द्वारा भी प्रकरण पंजीबद्ध किये गये हैं। प्रकरण की विवेचना एवं शेष 05 आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु एसडीओपी थांदला के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई है। उपरोक्त घटना के 04 आरोपियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रारंभ की गई है। जिसे कलेक्टर न्यायालय में विधिवत पंजीबद्ध किया जाकर कार्यवाही प्रचालन में है।

वन विभाग द्वारा अपराध प्रकरण क्रमांक 1986/08.12.2025, 0.475 हेक्टेयर वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण की बेदखली की कार्यवाही, दिनांक 14.12.2025 को 2057/05 से 2057/09 तक 1.5 हेक्टेयर वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण के संबंध में कार्यवाही, दिनांक 15.12.2025 को 2057/10 से 2057/12 तक 0.950 हेक्टेयर वन भूमि पर किए गए कुल 09 विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की गई।

इस प्रकरण में जिला कलेक्टर द्वारा प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग की एक संयुक्त निगरानी टीम बनाई गई है, जिसको यह निर्देशित किया गया है कि सभी थाना क्षेत्रों में गौकशी की कोई घटना नहीं होने पाए एवं किसी भी घटना के होने पर उनके विरुद्ध त्वरित वैधानिक कार्यवाही की जाए एवं इस प्रकार के अपराध की पुनरावृत्ति न हो। संबंधित घटनाओं को रोकने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे कोई भी ऐसी घटना न होने पाए।

दिनांक 14 दिसम्बर 2025 को संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम सजेली नान्यासाथ के घटना स्थल पर व्यापक रूप से अतिक्रमण हटाया गया। दिनांक 22 जनवरी 2026 को ग्राम सजेली नान्यासाथ में फॉरेस्ट विभाग, प्रशासन के साथ मिलकर पुनः सभी अतिक्रमण हटाये गये। ग्राम सजेली नान्यासाथ घटना स्थल पर बिजली विभाग के द्वारा अवैध बिजली के सभी कनेक्शनों को काटा गया है, एवं दोबारा अवैध कनेक्शन न ले पाये, इसके लिए बिजली विभाग के द्वारा सतत निगरानी की जा रही है।

दिनांक 05 जनवरी 2026 को सीसीएफ, जिला कलेक्टर, एसपी, डीएफओ की संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें फॉरेस्ट विभाग को निर्देशित किया गया कि सजेली नान्यासाथ में घटना स्थल पर किसी भी तरह का नया अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए एवं किसी भी तरह की अवैध गतिविधि न पनपे, इसके लिए अस्थाई पेट्रोलिंग चौकी बनाई गई है।

राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग की टीम के द्वारा मेघनगर क्षेत्र के समस्त ग्रामों में प्रतिदिन जागरूकता हेतु बैठकें आयोजित की जा रही हैं एवं विभाग को लगातार सतर्क रहने हेतु निर्देशित किया गया है। वन विभाग द्वारा उड़नदस्ता का गठन किया गया है, जो निरंतर गश्त कर वन क्षेत्र में हो रही अवैध गतिविधि पर सतत निगरानी रखे हुए हैं।

ग्राम सजेली नान्यासाथ के जंगल में वन विभाग, राजस्व व पुलिस विभाग के द्वारा नाईट विजन कैमरों एवं ड्रोन के द्वारा न केवल सतत निगरानी की जा रही है, बल्कि पूरे क्षेत्र की वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिए गये हैं, दिनांक 06 दिसम्बर 2025 से लेकर आज दिनांक तक सजेली नान्यासाथ के जंगल में एवं आसपास के गांवों सहित थाना मेघनगर क्षेत्र में कोई भी गौकशी से संबंधित नई घटना की सूचना प्राप्त नहीं हुई एवं ना ही कोई अपराध पंजीबद्ध हुआ है।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# एक साल में 3 हजार से अधिक प्रसुताओं को मिला जननी सुरक्षा व संबल योजना का फायदा

## चरक अस्पताल में 45 लाख 64 हजार रुपये की सहायता राशि वितरित



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय मातृ-शिशु चरक अस्पताल में प्रसूति सेवाओं का लाभ लेने वाली महिलाओं को सरकार की जननी सुरक्षा तथा संबल योजना के तहत पिछले एक वर्ष में कुल 3071 गर्भवती महिलाओं को इन योजनाओं का सीधा फायदा मिला है।

जननी सुरक्षा योजना के तहत शासकीय अस्पताल में सुरक्षित प्रसव करवाने वाली महिलाओं को आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में सहायता दी जाती है। शहरी क्षेत्र की प्रसुताओं को 1000 तथा ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 1400 देने का प्रावधान है। इस अवधि में पात्र महिलाओं को कुल 45 लाख 64 हजार रुपए की राशि वितरित की गई।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार इन योजनाओं से महिलाओं में संस्थागत प्रसव को लेकर जागरूकता बढ़ी है, जिससे मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिली है। जननी सुरक्षा योजना के साथ संबल योजना भी बड़ी राहत साबित हो रही है। इस योजना में पंजीकृत एवं पात्र गर्भवती महिलाओं को प्रसव उपरांत 14,000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

अधिकारियों ने बताया कि योजनाओं का लाभ सीधे महिलाओं के बैंक खातों में हस्तांतरित किया जा रहा है। अस्पताल में प्रसूति सेवाओं के साथ प्रसवपूर्व जांच, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी परामर्श भी नियमित रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है।

### योजना लाभ एक नजर में

लाभान्वित प्रसुताएँ- 3071

वितरित राशि (जननी सुरक्षा)- 45,64,000 रुपए

शहरी प्रसुताएँ- 1000 रुपए प्रति लाभार्थी

ग्रामीण प्रसुताएँ- 1400 रुपए प्रति लाभार्थी

संबल योजना सहायता- 14 हजार रुपए प्रति पात्र महिला

# बालिका दिवस पर छात्राओं का सम्मान, अतिथि बोले, शिक्षा से ही समाज का निर्माण होता है



**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में जेंडर क्लब के द्वारा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.पूजा साहू के संयोजन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्रीमती माया मानवेंद्र बधेका के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के बाद अतिथि स्वागत किया गया।

श्रीमती माया मानवेंद्र बधेका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्त्री ही सृजन कर सकती है और सृजन के साथ संस्कार की परंपरा को आगे बढ़ाती है ।अपने माता-पिता की आज्ञा अवश्य मानना चाहिए क्योंकि वे अपने अनुभवों आप में संस्कारों का संचारण करना चाहते हैं और आज के समय में शिक्षा के साथ संस्कारित होना अति आवश्यक है। अपनी कविता के माध्यम से उन्होंने बालिकाओं में शक्ति स्वरूपा देवी मां दुर्गा की प्रतिस्थापना की।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वंदना गुप्ता ने छात्राओं को बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी महिला में गहरा परिवर्तन ला सकती है लेकिन शिक्षा के साथ स्वावलंबी और आत्मविश्वासी बनना भी जरूरी है। महिला ही संस्कारों की संवाहक होती है। उन्होंने अपनी कविता के माध्यम से छात्रों को प्रेरित किया कि- वह जो आज चुपचाप सपने देखती है।

कल वही दुनिया को नई दिशा देगी।अंत में जो छात्राएं पूरे वर्ष में महाविद्यालय के समस्त कार्यों और प्रतियोगिताओं में सक्रिय सहभागी रही है, ऐसी छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के रासेयो के विशेष इकाई शिविर का हुआ उद्घाटन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, उज्जैन के राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष इकाई शिविर का मंगलवार को गोद ग्राम - चिंतामन जवासिया में उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के रासेयो समन्वयक डॉ. शेखर मैदमवार थे उन्होंने शिविरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना समाज से जुड़ने का सशक्त माध्यम है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने उपस्थितजनों को शिविर की सफलता के लिये अपनी शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ के निदेशक डॉ. रमण सोलंकी ने कहा कि भारतीय ज्ञान-परम्परा को जानने के लिये प्राचीन लिपियों और संस्कृत का ज्ञान आवश्यक है। उन्होंने विगत वर्षों में महाविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष इकाई शिविर में हासामपुरा क्षेत्र में खोजी गई।

# शिवाजी नगर में दो पक्षो के बीच विवाद में पथराव

## सात लोगों को आई चोट, पुलिस ने दर्ज किया क्रॉस प्रकरण

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर शिवाजी नगर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया दोनों ओर से जमकर लाठी पथराव किया गया, सात लोग घायल हुए हैं। जिसमें महिलाएं भी शामिल है। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

नील गंगा थाना पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस की रात 9 बजे के लगभग हनुमान नाका शिवाजी नगर में रहने वाले बिजोरिया और बोरसी परिवार के बीच ऑटो के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान नवीन बिजोरिया और धर्मेंद्र बोरासी के बीच हाथापाई शुरू हो गई। कुछ देर में दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गए और पत्थर बाजी के साथ लाठियां चल पड़ी। पथराव होता देख शिवाजी नगर में अफरा तफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को खदेड़कर अलग किया। इस दौरान 7 लोग घायल हो गए थे। एक पक्ष से धर्मेंद्र और लखन को चोट आई थी वहीं बिजोरिया परिवार की ओर से नवीन, उसकी मां सिद्धिबाई, पिता राकेश बिजोरिया, भाई गुलशन, बहन नंदिनी और जीजा गिरीश घायल हुए है। पुलिस ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया और मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया।

# साल के शुरुआती 26 दिनों में हो गए 66 पोस्टमार्टम

## सड़क दुर्घटना, आत्महत्या के मामले अधिक खुदकुशी करने वालों में युवाओं की संख्या ज्यादा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय जिला अस्पताल में इस वर्ष के शुरुआती 24 दिनों में 66 शवों के पोस्टमार्टम किये जा चुके हैं। इसमें ज्यादातर पोस्टमार्टम जहर खाकर आत्महत्या करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में मरे लोगों के हुए है। आत्महत्या के बाद पोस्टमार्टम के लिए शवों में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है।

जिले अस्पताल से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इस साल 1 जनवरी से लेकर 24 जनवरी तक जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में 66 शवों का पीएम किया जा चुका है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि सड़क दुर्घटना और आत्महत्या के प्रकरणों में हुए पीएम में युवाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मनोरोग चिकित्सकों के अनुसार जिले में युवा

वर्ग में आत्महत्या की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। छोटी मोटी बात जैसे नौकरी, पारिवारिक विवाद में युवा जहर खाकर या फंदा लगाकर जान दे रहे हैं। पिछले एक दो सालों में देखा गया हैं कि बाहर से उज्जैन आकर लोग जान दे रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। परेशान लोग आत्महत्या का रास्ता चुन रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आत्महत्या जैसा घातक कदम

कोई भी व्यक्ति जल्दबाजी में नहीं उठाता। इसके लिए वह 3 से 6 माह पहले से इसकी तैयारी करता है। इस अवधि में व्यक्ति घर में या ऑफिस अथवा सार्वजनिक स्थानों पर खुद को अन्य लोगों से अलग रखता है। अगर किसी परिवार में युवाओं में इस तरह के लक्षण नजर आए तो परिजनों को उन पर तत्काल ध्यान देना चाहिए तथा विशेषज्ञ चिकित्सक से सलाह लेकर काउंसलिंग कराई जानी चाहिए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गोद ग्राम लालपुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के पूजन के साथ किया गया।

समापन समारोह में डॉ. शेखर मेडमवार (एनएसएस समन्वयक, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन) एवं डॉ. रश्मि भार्गव (प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक द्वारा की गई।

स्वागत भाषण एवं शिविर प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दिव्या वर्मा ने बताया कि यह सात दिवसीय विशेष शिविर केवल गतिविधियों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा, नेतृत्व, अनुशासन एवं सामाजिक संवेदनशीलता का सजीव अनुभव बना।

स्वयंसेवक छात्राओं ने आंगनबाड़ी एवं विद्यालय के बच्चों को कहानी, नाटक और संवाद के माध्यम से स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

शिविर के अंतर्गत ग्राम सर्वेक्षण कर ग्राम की समस्याओं को समझने का प्रयास किया गया तथा उनके समाधान हेतु छात्राओं में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित की गई।

शासकीय माधव नगर अस्पताल के सहयोग से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में लगभग 200 ग्रामवासियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एचआईवी, वी.डी.आर.एल., शुगर, एचबीएसएजी, टीबी एवं नेत्र परीक्षण शामिल रहे।

महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के अंतर्गत ग्राम की महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए गए एवं जागरूकता प्रदान की गई। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को तारामंडल भ्रमण कराया गया, जहाँ खगोल विज्ञान एवं सौरमंडल पर आधारित 3-डी प्रस्तुति दिखाई गई। साथ ही सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित ÷भारतीय गणतंत्र की उद्घोषक उज्जैनी विषयक कार्यशाला में भी सभी स्वयंसेवकों ने सहभागिता की।

## 10 हजार से ज्यादा रेल यात्रियों को मिली हेल्पलाइन नंबर 139 डायल करने पर मदद

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** रेलवे पुलिस द्वारा पिछले साल एक जनवरी 2025 से लेकर दिसंबर तक लगभग 10 हजार शिकायतों का निराकरण रेल मदद हेल्प लाइन नम्बर 139 के जरिए किया गया हैं। इसमें सबसे ज्यादा शिकायतें ट्रेन में सीट के लिए झगड़ने की थी। उल्लेखनीय हैं कि उज्जैन रेलवे पुलिस रेलवे हेल्प लाइन नंबर 139 के जरिए भी यात्रियों की सफर के दौरान मदद कर रही है। ये यात्रा के दौरान चौबीस घंटे सातों दिन खुला है। इसके जरिए यात्रियों को सफर में संबंधित ट्रेन के कोच में साफ-सफाई, रिजर्वेशन सीट को लेकर परेशानी, बच्चे का दूध, बुजुर्ग यात्री की दवा और सफर में आकस्मिक मदद समेत अन्य सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उज्जैन आरपीएफ ने भी एक जनवरी 2025 से 31 दिसंबर तक हेल्प लाइन नंबर के जरिए यात्रियों से मिली करीब 10 हजार शिकायतों का समाधान कराया हैं। खास बात ये है कि प्रत्येक शिकायत का औसत समय करीब 40 मिनट रहा। यानी यात्रियों को मदद मिलने में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ा। बता दें कि रेलवे रेल मदद हेल्प लाइन नंबर के जरिए यात्रियों को बेहतर सुविधा दे रही है, ताकि आसानी से शिकायतें पहुँच सके और उनका निवारण भी तत्काल किया जा सके। रेल मदद हेल्प लाइन के जरिए सफर के दौरान पानी, बिजली, सफाई सहित अन्य शिकायतें दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके साथ ही किसी भी तरह की समस्या भी इस ऐप के जरिए कर सकते हैं। सुविधाएँ मांगने या शिकायत करने के लिए जनरल डिटेल्स, ट्रेन का नाम, सीट बर्थ, पर्सनल डिटेल और मोबाइल नम्बर जैसी सूचना देनी होती हैं।

# करोड़ों खर्च के बाद भी उज्जैन नहीं बन पाया स्मार्ट शहर

## कई बड़ी योजनाएं सालों से अधूरी, पीएम आवास और सीवरेज प्रोजेक्ट बने पहेली

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत सात शहर उज्जैन, इंदौर, भोपाल जबलपुर, ग्वालियर, सागर और सतना को विकसित करना था लेकिन इन शहरों में परियोजनाओं की गुणवत्ता, समय सीमा में देरी और धन का सही उपयोग नहीं होने के कारण विकास अधूरा रह गया है। इस कारण स्मार्ट सिटी कागजों में ही सिमट कर रह गई है।

स्मार्ट सिटी मिशन ग्रांट फंड के अंतर्गत करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए हैं फिर भी शहर स्मार्ट नहीं बन सके। न तो सीवरेज लाइन का काम पूरा हो सका और न ही पेयजल सप्लाई की लाइन डाली जा सकी। शहरों को झुग्गी मुक्त बनाने बहुमंजिला इमारतों के निर्माण का काम भी अधूरा है। स्मार्ट सिटी मिशन के मुख्य घटकों में शहर सुधार (रेट्रोफिटिंग), शहर नवीनीकरण (पुनर्विकास) और शहर विस्तार (ग्रीनफील्ड) के साथ-साथ पैन सिटी पहल शामिल हैं, लेकिन ये काम अधूरे हैं। इनमें से सतना में अब भी काम जारी है। वहीं, अन्य शहरों की बात करें तो यहां प्रोजेक्ट की समय सीमा तो पूरी हो गई लेकिन काम अधूरे हैं। इसकी मुख्य वजह स्मार्ट सिटी फंड का उपयोग अधूरी पड़ी नगर निगम परियोजनाओं में होना है। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा तय की गई समय सीमा पर काम पूरे नहीं हो पाए। इससे लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। वर्ष 2015 में आरंभ हुए स्मार्ट सिटी मिशन में पहले उज्जैन, इंदौर, भोपाल और जबलपुर फिर ग्वालियर, सतना और सागर को शामिल किया गया। उज्जैन में अब भी कई काम अधूरे हैं। अन्य छह शहरों में भी 100 प्रतिशत काम नहीं हो पाए। स्मार्ट सिटी के सभी प्रोजेक्ट कागजों पर सी पूरे हो गए हैं परंतु सच्चाई यही है कि अब भी कुछ प्रोजेक्ट अधूरे हैं। घरों में 24 घंटे सातों दिन पानी देने की योजना शामिल है, परंतु अब तक कनेक्शन तो दूर नियमित जलप्रदाय नहीं हो पाता है। वहीं स्मार्ट सिटी के कुछ प्रोजेक्ट विफल भी हो चुके हैं, जिनमें शहर में स्मार्ट पार्किंग तैयार करना, पब्लिक बाइक शेयरिंग और वीएमएस बोर्ड जैसी परियोजनाएं है। करोड़ का साइकिल ट्रैक, तीन साल से कम समय में ही उखड़ने लगा है।

# लोकतंत्र के लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन संपन्न



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस की संध्या पर स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग, मध्य प्रदेश शासन, जिला प्रशासन और जनसंपर्क विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लोकतंत्र के लोकोत्सव भारत पर्व का आयोजन कालिदास अकादमी के पंडित सूर्य नारायण व्यास संकुल सभागृह में किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सांसद श्री अनिल फिरोजिया, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव, जिला पंचायत सदस्य सुश्री अजिता परमार, श्री संजय अग्रवाल एवं अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट द्वारा अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इसके पश्चात प्रतिभा संगीत कला अकादमी की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गई। बालिका कु.वेदिका नागर द्वारा कत्थक नृत्य के माध्यम से सरस्वती वंदना की गई । इसके पश्चात आगर मालवा के लोक कलाकारों के दल द्वारा मटकी नृत्य पनिहारी, प्यारो लागे रे, म्हारो मालवो देश और ओ जोगी बंजारा रे लोकगीत और नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

# देशी-अंग्रेजी शराब के साथ हिरासत में आया युवक

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस पर अवैध शराब बेच रहे युवक की सूचना मिलने पर पुलिस ने दबिश मारी, युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया, उसकी निशानदेही पर हजारों रुपए की देशी अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। बिरलाग्राम थाना पुलिस ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर कानून व्यवस्था और तिरंगा यात्रा में ड्यूटी के दौरान सूचना मिली थी कि जी ब्लॉक टपरी की गली में एक युवक द्वारा शराब बेची जा रही है। सूचना उपनिरीक्षक संजय माथुर टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दबिश मारी तो एक युवक ने भागने की कोशिश की, शंका होने पर पीछा कर उसे पकड़ा गया और पूछताछ की गई तो उसकी निशानदेही से देशी- अंग्रेजी शराब की बोतले बरामद हो गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अशोक पिता रामविलाश शर्मा, निवासी सी. ब्लॉक टापरी, बिरलाग्राम बताया। पुलिस के अनुसार उसके पास से करीब 17 हजार रुपए कीमत शराब बरामद की गई है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा गया है।

## कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन-राष्ट्र सशक्त बनाने का संदेश

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक राष्ट्रीय महासंघ के अखिल भारतीय एक समान कार्यक्रम के अंतर्गत तथा मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के मार्गदर्शन में, मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील इकाई उज्जैन द्वारा ज्ञानोदय विद्यालय, उज्जैन में कर्तव्य बोध दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ओम जी जैन (जिला उपाध्यक्ष, जैन सेवा भारती) ने अपने संबोधन में कहा कि ÷हमें ऐसे कार्य करना चाहिए, जिससे हमारा राष्ट सशक्त हो।÷ उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में शिक्षक और छात्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहना चाहिए। यदि प्रत्येक व्यक्ति पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करे, तो राष्ट निश्चित रूप से मजबूत और सशक्त बनता है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन से की गई।

# रिमांड पर कारो के कांच फोड़ने वाली ठक-ठक गैंग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक माह पहले 3 थाना क्षेत्र में खड़ी कारों के कांच फोड़कर बैग उड़ने वाली ठक-ठक गैंग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गैंग के चार सदस्यों को रिमांड पर लेकर तीन को जेल भेजा गया है। गैंग से 4.20 लाख रुपये बरामद किए गए हैं शेष की बारामदगी के प्रयास जारी है।

नानाखेड़ा थाना पुलिस ने बताया कि 30 दिसंबर 2025 को प्रॉपर्टी ब्रोकर आकाश लश्करी की कार ट्रेजर बाजार के पास खड़ी थी, जिसका बदमाशों ने कांच खोलकर बैग चोरी कर लिया था। बैग में 20 लख रुपए नगद रखे थे। वारदात के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गए जिसमें आधा दर्जन से अधिक बदमाशी दिखाई दिए। पुलिस जांच में लगी थी तभी सामने आया कि कारो के कांच फोड़ने की वारदात महाकाल और माधव नगर थाना क्षेत्र में भी हुई है। फुटेज खंगालने पर सामने आया कि बदमाश हरसिद्धि पाल के समीप एक होटल में श्रद्धालु बनाकर ठहरे थे। होटल से जानकारी लेने के बाद बदमाश तमिलनाडु के होना सामने आए। जिनकी तलाश में एक टीम रावण की गई। कई दिन की तलाश के बाद गैंग में शामिल सात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें आदिनाथ शेरवे (60), कारवनन (31), शशि कुमार शेरवे (45), कार्तिकेय शेरवे (35), नित्याआंथम (27), किरण कुमार (27) और हरीश कुमार (23) शामिल है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया था जहां से तीन को जेल भेजा गया है चार को रिमांड पर लिया गया है। बदमाशों की गिरफ्तारी के बाद उनकी निशानदेही पर 4.20 लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। बदमाशों को 3 फरवरी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। जहां से पूछताछ के लिए महाकाल और माधव नगर थाना पुलिस प्रोटेक्शन रिमांड पर लेगी। बदमाश देशभर में वारदातों को अंजाम देते हैं। उनका आपराधिक रिकार्ड भी पता किया जा रहा है। संभावना है कि रिमांड अवधि में बदमाशों से अन्य प्रदेशों और मध्य प्रदेश की वारदातों का भी सुराग मिल सकता है। गैंग ठक-ठक के नाम से जानी जाती है।

# सनातन धर्म को बचाने के लिए खत्म हो वीआईपी प्रथा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्तमान में सनातन धर्मावलंबियों पर अंकुश ओर प्रतिबंध देखा जा रहा हैं जिसके कारण धर्म को मानने वाले करोड़ों लोगों मे सरकार के प्रति अविश्वास और असंतोष फैल रहा हैं।

देश में जहां बीजेपी की सरकार हैं वहां यह सब ज्यादा देखने को मिल रहा हैं,उत्तर प्रदेश और अन्य प्रदेशों संतों, पुजारियों और सेवायतन पर अत्याचार, शोषण और अपमान हो रहा हैं। जिसे रोकने के लिए अखिल भारतीय पुजारी महासंघ राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पुजारी और सचिव रूपेश मेहता ने माननीय प्रधानमंत्री महोदय को पत्र भेजकर देश के मंदिरों देवालयों में वीआईपी प्रथा खत्म करने ओर वीआईपी प्रवेश प्रतिबंधित कानून बनाने की मांग की हैं। क्योंकि हाल ही में यूपी के (वृंदावन) बांके बिहारी मंदिर में बीजेपी के नए अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के आने पर वहां के पुजारी, सेवादार और उनके परिवार की महिलाओं को सुरक्षा के नाम पर रोका गया ,उन्हें अपमानित किया गया और पुलिस बल का प्रयोग कर खदेड़ा गया जो सनातन धर्म में सीधे हस्तक्षेप हैं।

प्रयाग में भी सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माधिकारी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी के साथ भी अभद्रता कर उन्हें स्नान करने से रोका गया, छोटे छोटे बटुकों की चोटी पकड़कर घसीटा गया पैरों से रौंदा गया और अपमानित किया गया।

इसी प्रकार कुछ दिन पूर्व प्रदेश के नलखेड़ा (बगलामुखी माताजी) में भी अधिकारियों द्वारा ब्राह्मणों, पुजारियों को हवन पूजन से रोका गया।

सनातन धर्मावलंबियों की ओर से योगी आदित्यनाथ जी से जानना चाहते हैं कि आने वाले समय में यदि किसी अन्य दल का मुख्यमंत्री, गोरखपुर पीठ में दर्शन करने जाता है और पुलिस द्वारा मठ के सेवादार ओर संतों को सुरक्षा के नाम पर मठ से बाहर करने का प्रयास किया जाता है,जैसा वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में हुआ हैं तो क्या वह (योगी जी) स्वीकार करेंगे?

# स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तरीय संयुक्त बैठक सम्पन्न

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला स्तर पर संयुक्त बैठक का आयोजन मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में जिला कार्यकम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री बृजेश त्रिपाठी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संगीता पलसानिया, जिला स्वास्थ्य एवं महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सुनीता परमार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मंजुषा पिप्पल, समस्त खण्ड चिकित्साधिकारी, समस्त परियोजना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले, जिला कम्युनिटी मोबिलाईजर श्री अनस कुरेशी, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप वसुनिया, श्रीमती विनीशा सोलंकी डी.ई.आई.एम., समस्त बी.पी.एम., बी.सी.एम., पी.एच.एम. सहित विभिन्न अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में डॉ. पलसानिया ने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं का शतप्रतिशत ए.एन.सी. पंजीयन सुनिश्चित करें। दोनों विभागों का मैदानी अमला ये सुनिश्चित करें कि प्रसूति की संभावित दिनांक के पूर्व ही गर्भवती महिला को क्षेत्र की शासकीय संस्था में भर्ती करवाकर संस्थागत प्रसव करवाए एवं डिलेवरी अपडेशन भी शत प्रतिशत करें। जिले में प्रोजेक्ट संवर्धन का भी बेहतर क्रियान्वयन कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के दिशा निर्देश दिए गए। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर रिव्यू कर सुधारात्मक कार्यवाही एवं इसकी रिपोर्ट भी शत प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डॉ. पलसानिया ने निर्देश दिए कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर उनसे निरन्तर समन्वय कर उसका पूर्ण प्रबंधन करें। दोनों विभाग विकासखण्ड स्तर व सेक्टर स्तर पर बैठक कर विभागीय कार्यकमों एवं योजना की समीक्षा कर लक्ष्य पूर्ण करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। एनीमिया मुक्त भारत के तहत आयरन की गोली, सीरप का भी निर्धारित दिशा निर्देशानुसार अनुपूरण करवाया जाएं। आयुष्मान भारत निरामयम योजना के तहत भी पात्र हितग्राहियों एवं धरती आभा क्षेत्र के हितग्राहियों के भी शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिए भी निर्देश दिए गए।